दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के पास सत्य निकेतन में बहुमंजिला इमारत ढह जाने से चिंता बढ़ गई है। सरकार और स्थानीय निकायों को जोखिमग्रस्त इमारतों का नियमित संरचनात्मक सर्वेक्षण कराकर खतरनाक भवनों की सूची सार्वजनिक करनी चाहिए। जर्जर मकान में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर सम्मानजनक और स्थायी पुनर्वास, किराये की अंतरिम सहायता तथा मूलभूत सुविधाओं वाला आवास उपलब्ध कराया जाना चाहिए। मुंबई में पुराने खतरनाक भवनों से विस्थापित लोगों के लिए हजारों ट्रांजिट आवास बनाए जाने का उदाहरण बताता है कि पुनर्वास की व्यवस्था संभव है। जर्जर इमारत को गिराना प्रशासनिक कार्रवाई हो सकती है, लेकिन उसमें रहने वाले गरीब परिवार को सुरक्षित घर देना ही असली मानवीय जिम्मेदारी है।

महेश कुमार, सिद्धमुख (राजस्थान)

## अब नक्शा सही दिखेगा

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व के नक्शे को वास्तविकता के अनुकूल दिखाने के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी। 1569 में मर्केटर प्रोजेक्शन के अंतर्गत नाविकों के लिए एक नक्शा बना था, जिसका उद्देश्य नाविक को मात्र सही दिशा की जानकारी देना था। आकार के विषय में उनका कोई सरोकार नहीं था। उस समय के नक्शे में ध्रुवीय क्षेत्रों के देश बड़े दिखते हैं, क्योंकि गोल धरती को चौकोर कागज पर जबरदस्ती फैलाया गया। गोल धरती पर अक्षांश रेखाएं ध्रुवों की तरफ छोटी होती जाती हैं, पर कागज पर सबको बराबर लंबा खींच दिया जाता है। जितना उत्तर या दक्षिण ध्रुव की तरफ जाना होगा, उतना खिंचाव बढ़ता है। भूमध्य रेखा पर खिंचाव नहीं होता है। 60 डिग्री उत्तर (रूस, कनाडा, नार्वे) पर खिंचाव दो गुना हो जाता है। ध्रुवों के पास यह खिंचाव 10 से 20 गुना तक हो जाता है। ग्रीनलैंड का क्षेत्रफल 21 लाख वर्ग किमी है और अफ्रीका का 3 करोड़ वर्ग किमी, यानी ग्रीनलैंड से 14 गुना बड़ा। पर मर्केटर नक्शे पर दोनों लगभग बराबर दिखते हैं, क्योंकि ग्रीनलैंड ध्रुव के पास है, तो 14 गुना खिंच गया। इसी गलती को ठीक करने के लिए अब यूएन ने इक्वल अर्थ प्रोजेक्शन वाला नया नक्शा अपनाने की बात कही है, जिसमें सबका क्षेत्रफल वास्तविक अनुपात में दिखेगा। यह सीमाएं बदलने की कोशिश नहीं है।

धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी* दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय: 011-43166300, नोएडा कार्यालय: 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**8.7** करोड़ युवा न तो पढ़ाई कर रहे हैं, न ही किसी काम या प्रशिक्षण से जुड़े हैं भारत में, 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग में, नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार।



कैलाश बिश्नोई
उच्च शिक्षा मामलों के जानकार

आजकल

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व रोजगार का सृजन

**भारत की युवा आबादी उसकी सबसे बड़ी जनांकिकीय पूंजी है, लेकिन यह पूंजी तभी आर्थिक शक्ति बनेगी, जब शिक्षा, कौशल और रोजगार के बीच प्रभावी संस्थागत समन्वय स्थापित हो। 35 वर्ष से कम आयु की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी भारत के लिए जनांकिकीय लाभांश का असाधारण अवसर प्रस्तुत करती है, किंतु गुणवत्तापूर्ण मानव पूंजी के अभाव में यही अवसर विकासगत चुनौती में बदल सकता है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'विकसित भारत 2047 के लिए कौशल विकास की पुनर्कल्पना' इसी चुनौती की ओर हमारा ध्यान खींचती है**



युवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा शिक्षा और रोजगार से जुड़ा हुआ है। प्रतीकात्मक

नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट 'विकसित भारत 2047 के लिए कौशल विकास की पुनर्कल्पना' के अनुसार 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 8.7 से 8.9 करोड़ भारतीय युवा न तो पढ़ाई कर रहे हैं, न ही किसी काम या प्रशिक्षण से जुड़े हैं। इन्हें नीट (नाट इन एजुकेशन, एंप्लायमेंट और ट्रेनिंग) श्रेणी में रखा गया है। यह संख्या संबंधित युवा आबादी की लगभग 11 प्रतिशत है। हालांकि इस आंकड़े को बेरोजगारी का पर्याय मानना उचित नहीं होगा। इस श्रेणी में शामिल लगभग 88 प्रतिशत युवा घरेलू कार्यों में लगे हुए थे और उनमें से अनेक रोजगार की तलाश भी नहीं कर रहे थे। इसलिए यहां समस्या का स्वरूप बेरोजगारी से अधिक व्यापक है। यह शिक्षा, कौशल, रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच पैदा हुआ वह अंतराल है, जिसमें बड़ी संख्या में युवा अपनी क्षमताओं का उत्पादक उपयोग नहीं कर पाते।

यही वह बिंदु है, जहां किसी भी कौशल नीति की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जा सकती कि कितने लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रश्न यह है कि प्रशिक्षण के बाद कितने लोगों को सम्मानजनक रोजगार मिला, कितनों की आय बढ़ी और कितने लोग स्वरोजगार या उद्यमिता की ओर बढ़ सके। भारत में 2014 से अब तक 7.67 करोड़ से अधिक लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह संख्या बताती है कि कौशल विकास को लेकर सरकार ने व्यापक स्तर पर हस्तक्षेप किया है। लेकिन यदि इतनी बड़ी प्रशिक्षण व्यवस्था के बावजूद करोड़ों युवा शिक्षा और रोजगार से बाहर हैं, तो हमें प्रशिक्षण की मात्रा से आगे बढ़कर उसकी गुणवत्ता, प्रासंगिकता और परिणामों पर विचार करना होगा।

भारतीय श्रम बाजार की एक दूसरी विडंबना शिक्षा और रोजगार के बीच कमजोर संबंध है। केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप रोजगार में हैं। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, 2023-2024 में स्नातकों के बीच बेरोजगारी दर लगभग 13 प्रतिशत रही। महिलाओं में यह दर 20.4 प्रतिशत और पुरुषों में 10.6 प्रतिशत थी, जबकि समग्र बेरोजगारी दर लगभग 3.2 प्रतिशत थी। ये आंकड़े संकेत करते हैं कि विश्वविद्यालयों से निकलने वाली डिग्रियां अपने आप रोजगार की गारंटी नहीं बन पा रही हैं।

यह विसंगति निम्न आय वाले परिवारों के लिए और अधिक कठिन हो जाती है। एक परिवार अपने बच्चे की स्कूल शिक्षा, महाविद्यालय की फीस और रहने तथा पढ़ने के खर्च का भार उठाने के बाद अलग से महंगे कौशल प्रशिक्षण का खर्च वहन नहीं कर सकता। इसलिए जिस युवा ने वर्षों तक शिक्षा में समय और धन लगाया है, वह रोजगार पाने के लिए फिर से शुल्क देकर प्रशिक्षण लेने की स्थिति में नहीं रहता। उसके सामने दो ही रास्ते बचते हैं। वह अपनी योग्यता से कम वेतन वाली नौकरी स्वीकार कर ले या रोजगार की तलाश छोड़कर निष्क्रियता की स्थिति में चला जाए। यही वह संरचनात्मक समस्या है जिसे कौशल नीति को समझना होगा।

महिलाओं की स्थिति इस प्रश्न को और जटिल बनाती है। औपचारिक रोजगार में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है और बड़ी संख्या में महिलाएं अनौपचारिक कार्य या नीट श्रेणी में आती हैं। उनके लिए प्रशिक्षण का पारंपरिक पूर्णकालिक माडल हमेशा उपयुक्त नहीं हो सकता। घरेलू जिम्मेदारियां, आवागमन, प्रशिक्षण केंद्रों की दूरी और आय का अभाव उन्हें लंबे पाठ्यक्रमों से दूर रखते हैं।

यहां हमें डिग्री के प्रति अपनी सामाजिक मानसिकता पर भी विचार करना चाहिए। भारतीय समाज में लंबे समय तक यह विश्वास रहा है कि अधिक डिग्रियां बेहतर जीवन का रास्ता खोलती हैं। परिणामस्वरूप कला, विज्ञान और वाणिज्य की पारंपरिक स्नातक डिग्रियों में नामांकन तो बढ़ा, लेकिन उनका उद्योग, स्थानीय अर्थव्यवस्था और उभरते रोजगार क्षेत्रों से संबंध पर्याप्त मजबूत नहीं हुआ। दूसरी ओर सरकारी नौकरियों की सीमित संख्या के लिए प्रतिस्पर्धा निरंतर बढ़ती गई। नवंबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच लगभग 1.86 करोड़ आवेदन केवल 55 हजार सरकारी पदों के लिए होना इस मानसिकता और रोजगार संरचना के बीच के तनाव को स्पष्ट करता है। इतनी बड़ी युवा आबादी को केवल सरकारी नियुक्तियों के सहारे रोजगार उपलब्ध कराना संभव नहीं है।

इसलिए कौशल विकास का अर्थ केवल किसी मशीन को चलाना या किसी अल्पकालिक पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। कौशल का अर्थ समस्या समाधान, संवाद, डिजिटल दक्षता, वित्तीय समझ, उद्यमिता, तकनीकी अनुकूलन और बदलती परिस्थितियों में स्वयं को पुनः प्रशिक्षित करने की क्षमता भी है। आधुनिक अर्थव्यवस्था में कोई एक कौशल जीवनभर पर्याप्त नहीं रहता। तकनीकी परिवर्तन लगातार कार्यों की प्रकृति बदल रहा है। ऐसे में शिक्षा का उद्देश्य केवल पहली नौकरी प्राप्त कराना नहीं, बल्कि व्यक्ति को जीवनभर सीखते रहने योग्य बनाना होना चाहिए।

सरकार के सामने अब मात्रा और परिणाम के बीच संतुलन स्थापित करने की चुनौती है। 7.67 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जाना निश्चित रूप से व्यापक पहुंच का संकेत है, लेकिन सार्वजनिक धन से संचालित किसी योजना की सफलता का अंतिम पैमाना प्रमाणपत्रों की संख्या नहीं, बल्कि रोजगार, आय, उत्पादकता और सामाजिक गतिशीलता में आया परिवर्तन होना चाहिए।

## शिक्षा और उद्योग जगत के बीच सेतु

किसी भी देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था की सार्थकता केवल इस बात से निर्धारित नहीं होती कि उसके विश्वविद्यालय कितनी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं। उसका वास्तविक मूल्य इस बात से तय होता है कि वहां अर्जित ज्ञान समाज, अर्थव्यवस्था और कार्यक्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं से कितना जुड़ पा रहा है। विश्वविद्यालय प्रतिभा, ज्ञान और बौद्धिक क्षमता का निर्माण करते हैं, जबकि उद्योग बदलती तकनीक, उत्पादन प्रक्रियाओं और रोजगार बाजार की वास्तविक मांग को सामने रखता है। इन दोनों के बीच यदि संवाद कमजोर है तो शिक्षा और रोजगार के बीच स्वाभाविक रूप से एक अंतराल पैदा होता है। भारत में कौशल विकास की चुनौती को देखते हुए इस अंतराल को कम करना अब उच्च शिक्षा की केंद्रीय प्राथमिकताओं में होना चाहिए।

किसी विद्यार्थी को अपने विषय की अवधारणाओं की समझ के साथ समस्या समाधान, संचार, तकनीकी दक्षता, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और कार्यस्थल की परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमताएं भी चाहिए। विश्वविद्यालय यदि इन क्षमताओं को विकसित करना चाहते हैं तो उन्हें उद्योग की जरूरतों से परिचित रहना होगा। उद्योग से प्राप्त यह प्रतिपुष्टि पाठ्यक्रमों को अधिक प्रासंगिक बनाने में सहायता कर सकती है।

विश्वविद्यालय और उद्योग का संबंध केवल रोजगार तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसका एक महत्वपूर्ण आयाम अनुसंधान और नवाचार भी है। विश्वविद्यालयों में अनेक शोध परियोजनाएं ऐसी होती हैं जिनमें वैज्ञानिक या अकादमिक संभावनाएं तो होती हैं, लेकिन उनका सामाजिक और आर्थिक उपयोग सीमित रह जाता है। यदि उद्योग शोध की वास्तविक समस्याएं विश्वविद्यालयों के सामने रखे और विश्वविद्यालय अपने ज्ञान संसाधनों के माध्यम से उनके समाधान विकसित करें तो अनुसंधान प्रयोगशाला से बाहर निकलकर समाज और बाजार तक पहुंच सकता है। बौद्धिक संपदा, तकनीक हस्तांतरण और उत्पाद विकास की प्रक्रिया इस साझेदारी को ज्ञान सृजन से ज्ञान के अनुप्रयोग तक ले जा सकती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, हरित प्रौद्योगिकी और स्वचालन जैसे उभरते क्षेत्रों ने कौशल आवश्यकता को और गंभीर बना दिया है। इन क्षेत्रों में कौशल की प्रकृति तेजी से बदल रही है। विश्वविद्यालय यदि केवल पुराने पाठ्यक्रमों और पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों पर निर्भर रहेंगे तो उनके स्नातकों के सामने रोजगारपरक असंगति की समस्या बनी रहेगी।

आखिरकार प्रश्न यह नहीं है कि विश्वविद्यालय उद्योग के लिए कितने विद्यार्थी तैयार कर रहे हैं, बल्कि यह है कि वे ऐसे कितने सक्षम युवा तैयार कर रहे हैं जो बदलती दुनिया को समझ सकें, नई परिस्थितियों में सीख सकें और स्वयं समाधान विकसित कर सकें। उद्योग उस शिक्षा को वास्तविक संदर्भ देता है और विश्वविद्यालय उस उद्योग को विचार, ज्ञान तथा प्रतिभा उपलब्ध कराता है। दोनों के बीच मजबूत सेतु तैयार हो जाए तो डिग्री और रोजगार, शोध और नवाचार तथा शिक्षा और आर्थिक विकास के बीच की दूरियां कम की जा सकती हैं। भारत की युवा शक्ति को वास्तविक जनांकिकीय लाभांश में बदलने के लिए यही साझेदारी आने वाले समय की सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक आवश्यकताओं में से एक होगी।

(कैलाश बिश्नोई)

असली प्रश्न यह है कि हम अपने युवाओं की प्रतिभा, समय और ऊर्जा का कितना उपयोग कर पा रहे हैं। एक युवा जो आज शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण से बाहर है, वह केवल आंकड़े की एक इकाई नहीं है। उसके भीतर एक संभावित शिक्षक, तकनीशियन, वैज्ञानिक, उद्यमी, कारीगर या सामाजिक परिवर्तनकर्ता मौजूद है। राष्ट्र की जिम्मेदारी है कि उस संभावना को निष्क्रियता में न बदलने दे। विकसित भारत की सबसे बड़ी परीक्षा शायद यही है कि वह अपने युवा भविष्य को कितनी जल्दी 'खाली बैठे हाथों' से 'सृजन करते हाथों' में बदल पाता है।

खरी-खरी

## शकुनि से परेशान साहित्यकार

रेखा शाह आरबी

महाभारत में एक ही शकुनी था। सबका बंटाधार करके रख दिया। अगर महाभारत में शकुनि नामक पात्र नहीं रहता तो संभव है कि महाभारत ही नहीं होता। मतलब महाभारत की जड़ में शकुनि ही था। जितना भी रायता फैला, सबका कारण वही था। क्योंकि हो सकता था यदि शकुनी नहीं रहता तो दुर्योधन इतना क्रूर नहीं होता। इतना दुष्ट नहीं होता। इतना उसके मन में जहर नहीं भरा होता। उसे धृतराष्ट्र, द्रोणाचार्य, गंगापुत्र भीष्म सब मिलकर समझाकर पांडव को आधा राज्य दिलवाकर दोनों को खुशी से रहने देते।

लेकिन फिर वही एक शकुनी था, जिसने सब गड़बड़ कर डाला, पांडवों की राह में कांटे बोए, अपनी जलन के मारे दुर्योधन को सबका दुश्मन बनवा दिया। महाभारत हुई, लाखों का विनाश हुआ। तो ऐसा मान लीजिए कि महाभारत में यदि दुर्योधन महत्वपूर्ण था तो शकुनी उससे भी महत्वपूर्ण था। जिसके बिना यह पूरी कथा लिखी ही नहीं जाती।

शकुनि महाभारत काल का सिर्फ एक पात्र नहीं था। वह एक दुष्ट ही सही, पर एक विचारधारा है जो बहुत लोगों के अंदर होती है। यह मत सोचिए कि महाभारत काल में ही शकुनि जैसे लोग हुआ करते थे। साहित्य में भी इस तरह के लोगों की कोई कमी नहीं है। आपके मुंह पर अच्छा-अच्छा बोलते हैं। लेकिन पीठ पीछे अपने पासे चल देते हैं। उनकी मात्र एक ही विचारधारा होती है कि सबकुछ उनके फेवर में होना चाहिए। इनका भले ही आपसे कोई लेना-देना नहीं हो, लेकिन इनको आपसे लेना-देना रहता है। आपसे क्या सभी से रहता है। यदि कोई अच्छा लिख रहा है, मेहनत कर रहा है, तो दर्द उनके सिर में होने लगता है, पेट में मरोड़ और हृदय में बेचैनी होने लगती है। दर्द उनको होता है, लेकिन झेलना दूसरे साहित्यकार को पड़ता है।

और बेचारे उसे साहित्यकार को पता भी नहीं रहता है कि वह क्यों झेल रहा है? किसलिए झेल रहा है? और किस वजह से झेल रहा है? यही उनकी सबसे बड़ी खूबी होती है। सामने से तो गले भी लगे हुए होते हैं और पीछे गला भी काट रहे होते हैं। इन्हें पहचानना मुश्किल होता है।

### पोस्ट

फिलहाल ऐसा लगता है जैसे देश में दो पक्ष बनते जा रहे हैं। एक पक्ष के लिए अपराध भी माफ और दूसरे पक्ष के लिए आरोप ही जेल की वजह। अगर कानून का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव, पहचान या पक्ष देखकर होगा तो फिर आम नागरिक न्याय पर भरोसा कैसे करेगा? नरेश राणा@Rana009



देश में पिछले पांच वर्षों में एससी/एसटी अधिनियम के तहत 2,47,000 मामले दर्ज किए गए। इनमें से केवल 20,210 मामलों में ही दोषसिद्धि हुई, जबकि 34,300 मामले झूठे पाए जाने के कारण बंद कर दिए गए। यूएपीए मामलों में कम दोषसिद्धि दर पर सवाल उठाने वाला सर्वोच्च न्यायालय एससी/एसटी अधिनियम के मामलों में ऐसा सवाल उठाने पर रहस्यमय ढंग से मौन क्यों है? आनंद रंगनाथन@ARanganathan72

कोई भी राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है, जब उस राष्ट्र की भावनाओं के अनुरूप शिक्षा और संस्कार वहां के बचपन और युवा पीढ़ी को प्राप्त हो रहे हों। यह कार्य यदि कोई कर सकता है तो वह शिक्षक ही कर सकता है। जीनत राणा@izeennatrana

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**ट्रंप के राष्ट्रपति रहते अमेरिका से व्यापार समझौता होने की उम्मीद है?**



सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

**राम मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या और प्रतिदिन चढ़ने वाली रकम का ब्योरा वेबसाइट पर सार्वजनिक किए जाने से ट्रस्ट पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा?**

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

युवा सियासत पर दिखे अबकी मारामार,
जेन-जी बनते दिख रहे सबके तारणहार।
सबके तारणहार जिधर जाए यह जत्था,
तिलक विजय का धारि सजेगा उसका मत्था।
यूपी की इस बार चाहिए जिसे रियासत,
बनकर चतुर सुजान साध ले युवा सियासत!

-ओम प्रकाश तिवारी



अजय जायसवाल
उप राजनीतिक संपादक, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश डायरी

# चुनावी जंग का मैदान बन रहा स्मार्टफोन

उत्तर प्रदेश के चुनाव अभी कई महीने दूर हैं, लेकिन एक दूसरे के चेहरों पर प्रचार और प्रहार शुरू हो गया है। कभी सियासत में इस तरह के प्रहार का हथियार पोस्टर और उनमें लिखे नारे बनते थे, अब इंटरनेट पर 'प्राम्प्ट' लिखकर चुटकियों में विरोधियों पर दर्जनों व्यंग्य-बाण एक साथ छोड़े जा रहे हैं। चंद मिनटों के अंतराल में ये अपना मारक प्रभाव दिखाने लगते हैं। सत्ताधारी भाजपा और सपा के बीच हाल ही में एआइ वीडियो को लेकर जिस तरह का टकराव शुरू हुआ है, उसने राजनीति का नया चेहरा अनावृत्त किया है। जैसा कंटेंट परोसा जा रहा है, उसमें चुनाव से काफी पहले ही मर्यादाएं तार-तार होती दिख रही हैं।

यह उस चुनावी दौर की शुरुआत का संकेत है, जिसमें वास्तविक नेता और एआइ से गढ़ी गई उनकी छवि के बीच फर्क करना मतदाता के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। इस लड़ाई में सीधे शामिल रहे भाजपा और सपा, एक-दूसरे पर छवि को नुकसान पहुंचाने से लेकर फेक वीडियो बनाने तक के आरोप तो लगा रहे हैं, लेकिन दोनों ओर के एजेंडों-रणनीतियों के समर्थन में वीडियोज जारी होने का क्रम पूरी गति से चल रहा है। मर्यादाओं से इतर, अपने लिए माहौल बनाने की जंग इंटरनेट मीडिया में जोरों पर है। साफ है कि यूपी में चुनावी लड़ाई का एक हिस्सा उन लाखों मोबाइल स्क्रीन पर भी लड़ा जाएगा, जहां मतदाता राजनीतिक भाषण नहीं सुनता, 20-30 सेकंड की रील देखता है।

हालांकि, मतदाता के सामने एआइ के इस कंटेंट में सच-झूठ की पहचान की चुनौती होगी। इंटरनेट मीडिया पर राजनेताओं, घटनाओं से जुड़े एआइ कंटेंट की पिछले कुछ दिनों में बाढ़ सी आई हुई है। भाजपा के आइटी सेल और उसके नाम से जुड़े अन्य अकाउंट से कई इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर सपा,


प्रतीकात्मक

कांग्रेस से जुड़े एआइ वीडियोज की संख्या अचानक बढ़ी है। इस बीच फिल्मी गीत 'मुन्नी बदनाम हुई' की पैरोडी पर एआइ वीडियो के सहारे सपा प्रमुख अखिलेश यादव को 'टीपू' कहकर निशाना बनाया गया। इसके बाद इसी गीत की दूसरी पैरोडी, इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई, जिसमें 'बाबा' कहकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला गया।

बीते हफ्ते सपा प्रमुख ने खुद के साथ ही मुख्यमंत्री पर बने वीडियो को दिखाया और कहा कि यदि भाजपा एआइ वीडियो बनवाएगी तो हम भी बनवाएंगे। इसके बाद से तेजी से सामने आए वीडियोज में से कुछ कंटेंट तो ऐसा है, जो सीधे तौर पर राजनीतिक मर्यादाओं और नेताओं की छवि को चुनौती दे रहा है। यानी, राजनीतिक बहस अब नीतियों से आगे बढ़कर चेहरों की डिजिटल छवि बिगाड़ने-संवारने की लड़ाई बनती दिख रही है। अब चेहरा, आवाज और हावभाव वही दिखाई दे सकता है, लेकिन दृश्य पूरी तरह काल्पनिक हो सकता है। यही डीपफेक की असली चुनौती है।

इससे बेपरवाह राजनीतिक दल इंटरनेट मीडिया पर अपनी ताकत के सहारे सियासत की जमीन तैयार करने में जुटे हैं। चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा रहा भाजपा का आइटी सेल अब इसे बूथ और शक्ति केंद्र तक ले जाने की तैयारी में है। 17 से प्रस्तावित 'सेवा संकल्प अभियान' में 27 हजार से अधिक शक्ति केंद्रों से रील बनाने का लक्ष्य है। पार्टी, कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और विकास की कहानियों पर वीडियो बनवाएगी। यहां भाजपा की रणनीति को समझना जरूरी है। एआइ वीडियो विवाद उसका एक पहलू है, जबकि बड़ा लक्ष्य डिजिटल नैरेटिव पर पकड़ बनाना है। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी जेन-जी और जेन-अल्फा से सीधे संवाद कर तथ्यों व वास्तविक कहानियों के जरिए सरकार के काम को बताने को कहा है। यानी, भाजपा केवल विपक्ष के वीडियो का जवाब देने की तैयारी नहीं कर रही, लाभार्थी की कहानी भी 'रील' में बदलने की कोशिश कर रही है।

दूसरी तरफ सपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव में मजबूत प्रदर्शन के बाद अगले विधान सभा चुनाव में अपने सामाजिक-राजनीतिक आधार को सीटों में बदलने की चुनौती है। इसके लिए जमीन पर पीडीए संग डिजिटल मैदान को साधने के लिए पार्टी पहले से ही 'डिजिटल आर्मी', यूट्यूब चैनल, टाक शो और 100 से अधिक इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से संवाद की योजना पर काम कर रही है।

वर्ष 2027 में मुकाबला केवल यह नहीं होगा कि किस दल का संगठन बड़ा है, बल्कि यह भी कि किस दल की डिजिटल आर्मी कितनी मजबूत है। यहीं से मुकाबला दिलचस्प होता है। भाजपा के पास बड़ा संगठन, संसाधन और पहले से विकसित डिजिटल नेटवर्क है। सपा के पास युवा नेतृत्व, आक्रामक राजनीतिक प्रतिक्रिया और भाजपा विरोधी नैरेटिव है। चुनाव में दोनों के बीच यह अंतर, कंटेंट की मात्रा नहीं, नैरेटिव की विश्वसनीयता और उसकी गति से तय हो सकती है।

इंटरनेट मीडिया पर बढ़ती सक्रियता के साथ ही पिछले सप्ताह प्रमुख राजनीतिक दलों- भाजपा, सपा और बसपा प्रमुख, संगठनों की बड़ी बैठकें कर चुनावी अभियान तेज करते दिखे। सपा ने बूथ स्तर पर एक तरह से चुनावी संपर्क अभियान शुरू किया है, जिसमें पीडीए समीकरण को मजबूत करने के साथ मतदाता सूचियों को सही कराने पर जोर है।

छत्तीसगढ़ डायरी



सतीश चंद्र श्रीवास्तव
संपादकीय प्रभारी, रायपुर

# झीरम कांड का आधा न्याय

माओवादी हिंसकों के अंत का दावा तो किया जा रहा है, परंतु 'दिमागी नक्सल' राष्ट्रीय चर्चा का विषय बने हुए हैं। इन्हीं दावों-प्रतिदावों के बीच माओवादियों द्वारा झीरम में किए गए नरसंहार पर एनआइए कोर्ट का निर्णय आ गया है। अब समीक्षा का विषय है वर्ष 2013 में 25 मई को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं, कार्यकर्ताओं और पुलिस जवानों को झीरम घाटी में घेरकर मार डालने के लिए सिर्फ 10 माओवादियों को दोषी ठहराया जाना। 32 लोगों की मौत के मामले में विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार की जांच एजेंसी एनआइए की आलोचना की जा रही है।

पक्ष विपक्ष की प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है कि मामला उच्च न्यायालय में जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी पक्ष भी उभरकर सामने आएंगे। यहां याद किया जाना उचित हो सकता है कि झीरम की घटना के समय डा. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। साथ ही वही सुशील कुमार शिंदे गृहमंत्री थे जिन्होंने पिछले वर्ष स्वीकार किया है कि शीर्ष पार्टी नेतृत्व के दबाव में उन्होंने महाराष्ट्र के नासिक जिला स्थित मालेगांव में 2006 और 2008 के धमाकों के बाद 2013 में 'भगवा आतंक' शब्द का प्रयोग किया था। इसी के साथ अप्रैल 2010 के ताड़मेटला माओवादी हमले को भी याद कर लेना उचित रहेगा। सुकमा जिला का उक्त क्षेत्र घटना के समय दंतेवाड़ा जिले में था। 500 से अधिक माओवादियों द्वारा ऊंची पहाड़ियों से सुरक्षाबलों को घेर कर किए गए हमले में 76 जवान बलिदान हुए थे। जनवरी 2013 में गिरफ्तार सभी 10 आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में ट्रायल कोर्ट द्वारा दोषमुक्त घोषित कर दिया गया। तब गृहमंत्री की भूमिका में वही पी. चिदंबरम केंद्रीय गृहमंत्री थे जिन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी के बाद स्वयं को 'गर्व के साथ दिमागी नक्सल' घोषित किया है।

ताड़मेटला हो या झीरम कांड, दोनों मामले में सरकारें और शीर्ष अधिकारी यह कहने की स्थिति में नहीं रहे कि खुफिया सूचनाएं उपलब्ध नहीं थीं। कटु सत्य है ही कि चेतावनी के बावजूद शीर्ष कांग्रेस राजनेताओं के काफिले को सुरक्षा नहीं मिली। मार्ग का सुरक्षा जांच नहीं होना और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच तालमेल के अभाव के लिए केंद्र सरकार से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों की जिम्मेदारी को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। एनआइए जांच में भी यह बात आई है। दरभा झीरम में माओवादियों के एकत्र होने के संबंध में तो मार्च से आगाह किया जा रहा था। केंद्र सरकार व गृह मंत्रालय के अधीन आइबी, सीआरपीएफ के साथ ही राज्य सरकार से लेकर सुकमा के एसपी तक को सूचना थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोर्ट के निर्णय को 'अधूरा न्याय और राजनीतिक साजिश' करार दिया जाना अप्रत्याशित नहीं है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने 2021 में झीरम कांड को राजनीतिक-आपराधिक षड्यंत्र और 'कान्ट्रैक्ट कीलिंग' तक घोषित कर दिया।

यहां यह विषय भी सामने आता है कि वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा द्वारा भूपेश बघेल के कार्यकाल में छह नवंबर, 2021 को सौंपी गई रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? बघेल ने यह नहीं बताया कि उसे किस आधार पर 'अपूर्ण' करार दिया था। झीरम कांड के समय प्रशांत मिश्रा छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के जज थे। डा. रमन ने घटना के तीन दिन बाद ही परिस्थितियों सहित सभी पहलुओं की जांच की उन्हें जिम्मेदारी सौंप दी थी। दूसरी तरफ भाजपा का दावा रहा है कि मिश्रा आयोग की रिपोर्ट में कांग्रेस सरकार और प्रभावशाली लोगों के खिलाफ महत्वपूर्ण टिप्पणियां हैं, इसलिए सार्वजनिक नहीं किया गया। बघेल ने नवंबर 2021 को ही नया आयोग गठित कर दिया, परंतु 2022 में हाई कोर्ट ने उसकी कार्यवाही ही रोक दी। बघेल सरकार ने झीरम के साजिशकर्ताओं को सामने लाने के लिए जनवरी 2019 में एसआइटी का गठन भी किया, परंतु उसमें भी कुछ हासिल नहीं हुआ।



झीरम घाटी में माओवादी हमले में मारे गए लोगों का स्मारक। फाइल

उक्त क्रम में इतना अवश्य हुआ कि कांग्रेसियों और माओवादियों के संबंधों की बात उछलने लगी। बघेल ने गणपति और रमन्ना जैसे शीर्ष माओवादियों का नाम एनआइए की रिपोर्ट में नहीं होने पर आपत्ति जताई, परंतु जांच एजेंसी का इस बात पर दावा कायम रहा कि सीपीआइ (माओवादी) के सशस्त्र कैडरों और स्थानीय कमेटियों ने हमला बोला था। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा झीरम कांड में कांग्रेसी भेदिया की आशंका जता चुके हैं तो पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह सबूत जेब से निकालने का बघेल से अनुरोध भी कर चुके हैं।

सभी बातों के बीच यह तो सच है कि झीरम कांड में न्याय अभी अधूरा है। बस्तर टाइगर की हत्या के बाद उनके शरीर पर चढ़कर कूदने का अमानवीय कृत्य करने वाले माओवादियों ने किस कांग्रेस नेता को घेरने के बाद छोड़ दिया था, उक्त नेता से अस्पताल में कौन मिलने पहुंचा, किसने किसे क्यों चुप कराया, किसकी जेब में सबूत है, आदि प्रश्नों का उत्तर आना बाकी है। यद्यपि यह भी सत्य है कि माओवादी हिंसकों को मार्च, 2026 तक समाप्त करने के गृहमंत्री अमित शाह की घोषणा को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरा किया जा चुका है, परंतु 'दिमागी नक्सली' अब नई चुनौती हैं।

## ओएनजीसी के चेयरमैन पद की दौड़ में सात उम्मीदवार

**नई दिल्ली** : ओएनजीसी के नए चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। कंपनी के नए प्रमुख के पद के लिए सात उम्मीदवारों का नाम छांटा गया है। इस सप्ताह खोज-सह-चयन समिति के समक्ष इन उम्मीदवारों का दूसरे दौर का साक्षात्कार हो सकता है। जिन सात उम्मीदवारों का नाम अगले दौर के लिए चुना गया है उनमें आयल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रंजीत रथ भी हैं। (प्रेट्र)



कंपनी की कुल कार बिक्री में एसयूवी की हिस्सेदारी 68 प्रतिशत है और ग्रामीण बाजारों में इस खंड की पैठ भी उतनी ही मजबूत है।
**– तरुण गर्ग, सीईओ और प्रबंध निदेशक, हुंडई इंडिया**

## होम लोन बीमा : मुसीबत के समय वित्तीय सुरक्षा

हर किसी का सपना होता है कि उसका अपना घर हो। इसके लिए कई बार लोग लोन भी लेते हैं। लेकिन मुसीबत के समय में लोन की अदायगी काफी कठिन हो जाती है और घर भी हाथ से चला जाता है। किसी भी मुसीबत के समय अपने सपनों के घर और परिवार को सुरक्षित रखने के लिए होम लोन बीमा लेना काफी अच्छा विकल्प है। यह एक वित्तीय सुरक्षा के तौर पर काम करता है। होम लोन बीमा और इसके फायदों के बारे में बता रहे हैं **मनोज कुमार**



### योग्यता की शर्तें



होम लोन बीमा के लिए योग्यता की शर्तें काफी हद तक जीवन बीमा जैसी ही होती हैं। ज्यादा बीमा कंपनियां इसे उन लोगों को देती हैं जिनका होम लोन चल रहा हो और जो कंपनी की तय उम्र सीमा (18 से 65 साल) के दायरे में आते हों। इसके अलावा, पालिसी जारी करते समय उम्र, लोन की रकम, लोन की अवधि, पेशा और सेहत जैसी बातों पर भी ध्यान दिया जा सकता है। लोन की ज्यादा रकम या ज्यादा उम्र वाले आवेदकों के लिए मेडिकल चेक-अप की जरूरत पड़ सकती है। चूंकि कंपनियों के लिए योग्यता के नियम अलग-अलग हो सकते हैं। ऐसे में सिर्फ लोन देने वाले के प्रस्ताव पर निर्भर रहने के बजाय अन्य कंपनियों से तुलना जरूर करें।

### क्या होता है होम लोन बीमा



होम लोन बीमा आपके होम लोन से जुड़ी एक सुरक्षा योजना है। लोन लेने वाले के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर यह बीमा बकाया होम लोन चुकाने में मदद करता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि परिवार पर बकाया लोन का बोझ न पड़े या उन्हें लोन चुकाने के लिए घर बेचना न पड़े। यह एक ऐसा वित्तीय सुरक्षा कवच है जो आपके घर और आपके परिवार दोनों की सुरक्षा करता है। साथ ही यह घर और उसमें रखे सामान को आग, बाढ़, भूकंप, तूफान, चोरी और दूसरी कवर की गई घटनाओं जैसे जोखिमों से भी सुरक्षा देता है।

### फायदे

होम लोन बीमा का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर परिवार को बकाया होम लोन चुकाने की चिंता या घर खोने का डर नहीं रहता है। ग्राहक बिना की अतिरिक्त बीमा लागत के होम लोन को समय से पहले बंद कर सकते हैं। ग्राहकों के पास अपनी जरूरत के हिसाब से भुगतान की शर्तें चुनने की आजादी भी होती है। साथ ही यह विकल्प भी होता है कि क्लेम का पैसा सीधे परिवार को मिले।



### नुकसान



होम लोन बीमा एक अतिरिक्त खर्च है। समय के साथ लोन की बकाया राशि कम होती जाती है, इसलिए होम लोन बीमा कवर भी आमतौर पर कम हो जाता है। कई मामलों में टर्म इंश्योरेंस प्लान कम लागत पर ज्यादा कवर दे सकता है। टर्म इंश्योरेंस प्लान लोन लेने वाले के परिवार को क्लेम की रकम का इस्तेमाल सिर्फ होम लोन के लिए ही नहीं, बल्कि दूसरी आर्थिक जरूरतों के लिए भी करने की आजादी देता है।

### कहां से करें खरीदारी





कोई भी व्यक्ति सीधे बीमा कंपनी से होम लोन बीमा खरीद सकता है। साथ ही बीमा एग्रीगेटर के जरिये आनलाइन होम लोन बीमा की तुलना की जा सकती है। आमतौर पर आवेदकों को उम्र, लोन की रकम, लोन की अवधि और सेहत से जुड़ी जानकारी जैसी बुनियादी बातें बतानी होती हैं। होम लोन मंजूर होने के समय ही सरकारी या निजी क्षेत्र के बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के जरिये सीधे आवेदन किया जा सकता है। बुनियादी जानकारी देकर आनलाइन भी होम लोन बीमा खरीदा जा सकता है।

### ऐसे करता है काम



मान लीजिए- आपने एक करोड़ रुपये का होम लोन 20 वर्षों के लिए लिया है। आठ वर्षों 35 लाख रुपये के लोन का पुनर्भुगतान कर दिया गया है और 65 लाख रुपया बकाया है। यदि होम लोन लेने वाली की किसी कारणवश मौत हो जाती है तो बकाया 65 लाख रुपये का भुगतान होम लोन बीमा देने वाली कंपनी की ओर से किया जाएगा। हालांकि, यह पालिसी की शर्तों पर निर्भर है। कुछ मामलों में नौकरी छूटने पर सुरक्षा भी मिलती है और पालिसी की शर्तों के अनुसार कंपनी कुछ समय के लिए मासिक किस्त चुकाने में मदद करती है। गंभीर बीमारी, दुर्घटना से मौत और विकलांगता कवर भी इसमें उपलब्ध होता है।

जागरण इन्फो

## यूरोप के लिए डीजल आपूर्ति का मुख्य स्रोत बना भारत

**रूस से निर्यात पर रोक और अमेरिका से होने वाली कम आपूर्ति का दिखा असर, भारत दुनिया का चौथा बड़ा रिफाइनर**

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भारत यूरोप के लिए डीजल सप्लाई का एक अहम स्रोत बनकर उभरा है। अगस्त में बाब-अल-मंदेब से होकर यूरोप जाने वाले कुल डीजल का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा भारत से गया, क्योंकि रूस से निर्यात पर रोक लगी है और अमेरिका से होने वाली आपूर्ति भी कमोबेश कम है।

ऊर्जा और लाजिस्टक के रियल टाइम डाटा पर नजर रखने वाली कंपनी वोर्टेक्सा के अनुसार, अगस्त में बाब-अल-मंदेब से यूरोप जाने वाले जहाजों के जरिये 2,00,000 बैरल डीजल (गैसआयल) गुजरा। यह मात्रा पिछले साल के स्तर के करीब है। भारत दुनिया का चौथा बड़ा रिफाइनर है, जिसकी सालाना क्षमता 25.81 करोड़ टन है।

अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच भारत ने 6.15 करोड़ टन पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात किए, जिससे यह दुनियाभर में रिफाइंड उत्पादों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक बन गया। अब इन ईंधनों के लिए यूरोप और रूस में भी मार्केट मिल रहा है।

वोर्टेक्सा के अनुसार, अगस्त के पहले 25 दिनों में रूस से समुद्र के रास्ते होने वाला डीजल और गैसआयल एक्सपोर्ट औसतन सिर्फ डेढ़ लाख बैरल प्रतिदिन रहा। यह पिछले साल के मुकाबले लगभग 6,10,000 बैरल प्रति दिन कम है और पांच साल के वार्षिक औसत से 81 प्रतिशत कम है।

# आइपीओ से 7,055 करोड़ जुटाएंगी कंपनियां

### इस सप्ताह शेयर बिक्री के लिए कुल 11 कंपनियां ला रही हैं मेनबोर्ड से जुड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम

**2,722** करोड़ रुपये के नए शेयरों की बिक्री की जाएगी

**4,333** करोड़ के शेयर ओएफएस के जरिये बेचे जाएंगे





| कंपनी | आकार | शेयर मूल्य | आवेदन की तिथि |
|---|---|---|---|
| प्रणव कंस्ट्रक्शन | 351 | 118-124 | 7-9 सितंबर |
| कनोहर इलेक्ट्रिकल्स | 1,056 | 601-632 | 8-10 सितंबर |
| प्रासोल केमिकल्स | 500 | 643-676 | 8-10 सितंबर |
| ग्लास वाल सिस्टम्स | 428 | 172-182 | 8-10 सितंबर |
| रेंटमोजो | 1,256 | 384-404 | 9-11 सितंबर |
| मणिपाल पेमेंट | 805 | 332-339 | 9-11 सितंबर |
| आरसिल | 733 | 132-139 | 9-11 सितंबर |
| एलसीसी प्रोजेक्ट्स | 427 | 139-146 | 9-11 सितंबर |
| करमतारा इंजीनियरिंग | 875 | 241-254 | 9-11 सितंबर |
| स्टीमहाउस इंडिया | 414 | तय नहीं | 9-11 सितंबर |
| वीगालैंड डेवलपर्स | 210 | तय नहीं | 10-15 सितंबर |

नोट : आइपीओ का आकार करोड़ रुपये में, शेयर मूल्य रुपये प्रति इकाई में

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** इस सप्ताह प्राथमिक बाजार या आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) से जुड़ी गतिविधियां एक बार फिर काफी व्यस्त रहने वाली हैं। सप्ताह के दौरान कुल 11 कंपनियां मेनबोर्ड आइपीओ लाने जा रही है। यह कंपनियां आइपीओ में शेयर बेचकर 7,055 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही हैं। यह आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए सात से 15 सितंबर तक खुलेगा। सबसे अधिक आइपीओ मंगलवार और बुधवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे।

सबसे पहले सात सितंबर को प्रणव कंस्ट्रक्शन का आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इसके बाद आठ सितंबर को कनोहर इलेक्ट्रिकल्स, प्रासोल केमिकल्स और ग्लास वाल सिस्टम्स (इंडिया) के आइपीओ आठ सितंबर को खुलेंगे। कुल छह कंपनियों- रेंटमोजो, मणिपाल पेमेंट, आरसिल, एलसीसी प्रोजेक्ट्स, करमतारा इंजीनियरिंग और स्टीमहाउस इंडिया के आइपीओ नौ सितंबर और वीगालैंड डेवलपर्स का आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 10 सितंबर को खुलेगा। यह कंपनियां रियल एस्टेट, इंजीनियरिंग एंड मैन्यूफैक्चरिंग, पेमेंट, रसायन निर्माण व आनलाइन रेंटल से जुड़ी हैं।

7,055 करोड़ रुपये में से 2,722 करोड़ रुपये नए शेयरों की बिक्री से जुटाए जाएंगे। यानी यह राशि सीधे कंपनी को मिलेगी। वहीं, 4,333 करोड़ रुपये के शेयर आफर फार सेल (ओएफएस) के जरिये बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। यह राशि कंपनियों के मौजूदा शेयरधारकों को मिलेगी। नए शेयरों की बिक्री से जुटाई जाने वाली अधिकांश राशि का इस्तेमाल कारोबार विस्तार, पूंजीगत खर्च और कर्ज निपटान के लिए किया जाएगा।

**आठ कंपनियों के शेयर सूचीबद्ध होंगे :** इस सप्ताह कुल आठ कंपनियों के शेयर एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होंगे। इनमें तीन कंपनियां मेनबोर्ड और पांच कंपनी एसएमई प्लेटफार्म से जुड़ी हैं। मेनबोर्ड प्लेटफार्म से जुड़ी पर्पल स्टाइल लैब्स के शेयर सात सितंबर को और दीपा ज्वेलर्स व रेज आफ बिलीफ के शेयर आठ सितंबर को एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होंगे। इसी तरह, एसएमई प्लेटफार्म से जुड़ी शांति इनआर्गेनिक्स, शाईकैम टेक्नोलाजीज और आशुतोष फाइबर के शेयर सात सितंबर को और फ्लाई-हाई मैरीटाइम ट्रेवल्स व फार्म पीस लिमिटेड के शेयर आठ सितंबर को सूचीबद्ध होंगे।

## एफपीआइ ने सितंबर के पहले सप्ताह में 7,443 करोड़ निकाले

- **महंगे क्रूड, अमेरिकी बांड रिटर्न में वृद्धि और डालर मजबूत होने का दिखा असर**
- **2026 में अब तक 2.32 लाख करोड़ निकाले, 2025 में 1.66 लाख करोड़ निकाले थे**

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** लगातार दो महीनों तक भारत शेयर बाजार में निवेश करने के बाद सितंबर के पहले सप्ताह में विदेशी निवेशक शुद्ध विक्रेता बन गए। उन्होंने इस दौरान 7,443 करोड़ निकाले, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, अमेरिकी बांड रिटर्न में वृद्धि और डालर के मजबूत होने से जोखिम लेने से निवेशक पीछे हटे। यह निकासी तब हुई जब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने अगस्त में 29,600 करोड़ और जुलाई में 20,200 करोड़ का निवेश किया था। उससे पहले वे मार्च से जून तक लगातार चार महीनों तक शुद्ध विक्रेता बने रहे थे।

इस ताजा निकासी के साथ ही 2026 में अब तक भारतीय इक्विटी से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) की कुल निकासी 2.32 लाख करोड़ तक पहुंच गई है और यह 2025 में निकाली गई 1.66 लाख करोड़ की राशि से ज्यादा है।

यस सिक्योरिटीज के मुख्य निवेश अधिकारी राजकुमार राठी ने कहा कि हालिया बिकवाली कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण हुई। इससे भारत की महंगाई और चालू खाता परिदृश्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि भारत के प्राइमरी मार्केट के लिए विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी ढांचागत मजबूत बनी हुई है।

विदेशी निवेशकों ने डेट मार्केट में भी अपनी बिकवाली जारी रखी। उन्होंने फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) जरिये 377 करोड़ और वालेंटरी रिटेंशन रूट (वीआरआर) के जरिये 231 करोड़ रुपये निकाले, जबकि जनरल रूट के जरिये 217 करोड़ रुपये का निवेश किया।

## अब सात अक्टूबर को होगी जीएसटी काउंसिल की बैठक

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** जीएसटी काउंसिल की 12 सितंबर को दिल्ली में होने वाली 57वीं बैठक को टाल दिया गया है। अब यह बैठक सात अक्टूबर को होने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि 12-13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के कारण जीएसटी काउंसिल की बैठक को टाला गया है।

जीएसटी अधिकारियों की तैयारी बैठकें 5-6 अक्टूबर को तय की गई हैं। पहली बैठक 5 अक्टूबर को होने की उम्मीद है, जबकि दूसरी बैठक 6 अक्टूबर को होगी। नई तारीख की पुष्टि करने के लिए जल्द की आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा।

अक्टूबर में होने वाली बैठक में इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी), रिफंड और नियमों के पालन से जुड़े कई लंबित मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 के बड़े सुधारों के तहत स्लैब की संख्या घटाए जाने के बाद काउंसिल की यह पहली बैठक होगी।

## राष्ट्रीय फलक

## टाटा संस के चेयरमैन पद की दौड़ में होने से आशीष चौहान का इन्कार

- **नेशनल स्टाक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक और सीईओ ने खारिज की मीडिया रिपोर्ट**
- **चौहान ने खुद को एनएसई और इसकी लिस्टिंग प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्ध बताया**



आशीष चौहान

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंधक निदेशक और सीईओ आशीष चौहान ने उन रिपोर्टों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि टाटा संस के चेयरमैन पद के लिए उनके नाम पर विचार किया जा रहा है। चौहान ने स्पष्ट किया कि वह एनएसई और इसकी लिस्टिंग प्रक्रिया के प्रति 'पूरी तरह प्रतिबद्ध' हैं।

एनएसई ने रविवार को एक स्पष्टीकरण में कहा कि टाटा संस के चेयरमैन के तौर पर चौहान के नाम पर विचार संबंधी मीडिया रिपोर्टें और बाजार की अफवाहें एक्सचेंज के पास उपलब्ध किसी भी जानकारी पर आधारित नहीं हैं। चौहान ने इन रिपोर्टों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि 275 अरब डालर के टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने अपने चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के उत्तराधिकारी की खोज को तीन प्रमुख कारपोरेट दिग्गजों तक सीमित कर दिया है। इनमें टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन, टाटा संस के कार्यकारी निदेशक सौरभ अग्रवाल और नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष चौहान शामिल हैं।

आंतरिक उम्मीदवारों में नरेंद्रन सबसे आगे हैं, जबकि अग्रवाल अपने निवेश-बैंकिंग और पूंजी आवंटन के अनुभव के कारण चर्चा में हैं। कैपिटल मार्केट के अनुभवी चौहान नए चेहरे के रूप में उभर सकते हैं। चयन प्रक्रिया अभी भी जारी है और कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

## उज्जैन में 88 साल पहले मिले थे 42 नरकंकाल, अब फिर खोदाई की तैयारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन**

- **प्राचीन अवशेष व मृदभांड कोलकाता के म्यूजियम में हैं सुरक्षित**



कुम्हार टेकरी और वैश्य टेकरी की खोदाई में मिले थे नरकंकाल। सौ : डा. वीणा

वर्ष 1938 में जब उज्जैन के उंडासा क्षेत्र की कुम्हार टेकरी और वैश्य टेकरी पर ग्वालियर स्टेट के तत्कालीन पुरातत्वविद् डा. एमबी गर्दे ने खोदाई शुरू की तो दोनों स्थानों पर अलग-अलग अवस्थाओं में 42 नरकंकाल और प्राचीन सामग्री मिली। सभी नरकंकाल बौद्धकाल के बताए जाते हैं। इसके साथ ही मृदभांड, पंचमार्क मुद्राएं और अन्य पात्र मिले थे। सिक्के तांबे के थे। ये सभी अवशेष कोलकाता स्थित भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के म्यूजियम में भेजे गए थे। वहां आज भी सुरक्षित हैं। इसके बाद से अब तक इस क्षेत्र में दोबारा खोदाई नहीं हुई, लेकिन अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के भोपाल मंडल ने इस स्थल की खोदाई का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। ऐसे में, इस स्थान का इतिहास फिर सामने आ सकता है।

भोपाल मंडल के अधीक्षक पुरातत्वविद् शिवाकांत बाजपेयी ने बताया कि वैश्य टेकरी की खोदाई का प्रस्ताव केंद्रीय मुख्यालय को भेजा है। कुम्हार टेकरी भी इसके पास है। वैश्य टेकरी की खोदाई होने पर कुम्हार टेकरी से संबंधित जानकारी भी मिल सकती है। दोनों के बीच कोई संबंध है तो वह भी समझ में आएगा। वहीं, कुम्हार टेकरी और वैश्य टेकरी के आसपास के स्थानीय लोगों का कहना है कि 1938 में खोदाई के दौरान जमीन से जहरीली गैस निकलने के कारण कई मजदूर बेहोश हो गए थे, जिसके बाद खोदाई बंद कर दी गई। अब वैश्य टेकरी के आसपास करीब 40 वर्षों से खेती की जा रही है।

**बैठे हुए, उलटे लेटे हुए कंकाल :** वर्ष 2007 में इस संबंध में कार्य कर चुकी डेक्कन कालेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, पुणे की एसोसिएट प्रोफेसर डा. वीणा मुशरीफ त्रिपाठी ने बताया कि पुरातत्व संबंधी खोजों और कंकालों के आधार पर कहा जा सकता है कि ये लोग संभवतः अलग-अलग समुदायों से थे। कंकाल अलग-अलग स्थितियों में मिले हैं, जैसे बैठे हुए, पीठ के बल या उलटे लेटे हुए और पैर मुड़े हुए। खोदाई रिपोर्ट से पता चलता है कि लोग शवों को दफनाने व संभवतः दाह-संस्कार के अलग तरीकों का पालन करते थे।

## सरकार ने 10 दिन में 17 शहरों में 4,000 टन बफर प्याज बेचा

- **सरकार ने बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए रियायती दरों पर शुरू की बिक्री**
- **सरकार के पास एनसीसीएफ और नेफेड के जरिये 1.21 लाख टन प्याज का भंडार**

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सरकार ने बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए रियायती दर पर प्याज की बिक्री शुरू करने के पहले 10 दिन में 17 शहरों में करीब 4,000 टन बफर प्याज बेचा है। केंद्र सरकार के पास 2026 के लिए भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) के जरिये 1.21 लाख टन प्याज का बफर भंडार है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि ये एजेंसियां कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए उत्पादक राज्यों से भंडारित प्याज को थोक में खपत वाले केंद्रों तक पहुंचा रही हैं। इसके लिए समर्पित रेल रैक 'कांदा एक्सप्रेस' और ट्रक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 'कांदा एक्सप्रेस' के जरिये दिल्ली और चेन्नई में प्याज की खेप पहुंच चुकी है। तीसरी खेप अब लादी जा रही है, जिसे आने वाले दिनों में गुवाहाटी भेजा जाएगा। खरे ने कहा, 'बफर प्याज के वितरण से उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली है। कीमतों में थोड़ी गिरावट आई है।' प्याज 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि रबी प्याज की फसल, जिसे आमतौर पर साल के बाद के महीनों में बिक्री के लिए भंडारित किया जाता है, बेमौसम बारिश के कारण कटाई के दौरान कुछ नुकसान से प्रभावित हुई। एनसीसीएफ की प्रबंध निदेशक अनीस जोसेफ चंद्रा ने कहा कि अकेले एनसीसीएफ ने अबतक 1,500 टन बफर प्याज बेचा है। देश में प्याज का औसत खुदरा मूल्य 50.79 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जबकि 28 अगस्त को रियायती बिक्री शुरू किए जाने के समय यह 48.50 रुपये प्रति किलोग्राम था।

## अंतिम हिसाब के साथ टूट गया जीएसटी क्षतिपूर्ति में बड़ी हिस्सेदारी का भ्रम

**विकाश चन्द्र पाण्डेय • जागरण**

**26970** करोड़ रुपये मिले बिहार को, सभी राज्यों को 942694.5 करोड़

- **उपभोक्ता की तुलना में उत्पादक राज्यों के खजाने में हुई अधिक आवक**

| जीएसटी क्षतिपूर्ति (करोड़ रुपये) | |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 122849.4 |
| कर्नाटक | 106765.6 |
| गुजरात | 81573.6 |
| पंजाब | 66568.3 |
| तमिलनाडु | 66185.4 |
| उत्तर प्रदेश | 55156.1 |
| दिल्ली | 50322.8 |
| केरल | 43785.6 |
| पश्चिम बंगाल | 38888.7 |
| मध्य प्रदेश | 37201.2 |
| हरियाणा | 37027.8 |
| राजस्थान | 36285.2 |
| ओडिशा | 29095.2 |
| बिहार | 26970.0 |

**पटना :** अंतिम हिसाब-किताब के साथ जीएसटी क्षतिपूर्ति को लेकर यह भ्रम टूट चुका है कि बिहार जैसे उपभोक्ता राज्यों को इसका अधिकाधिक लाभ हुआ। सच्चाई यह है कि इस मामले में भी मालदार उत्पादक राज्य ही निकले। इसे उनकी उद्यमी प्रवृत्ति का पारितोषिक कह सकते हैं। वैसे कर-विशेषज्ञ पहले से कहते रहे हैं कि मात्र उपभोग के बूते जीएसटी से अधिकाधिक राजस्व की कामना फलीभूत होने से रही।

जीएसटी की व्यवस्था में कुछ राज्यों ने अपने राजस्व में कमी होने की आशंका जताई थी। अंततः जीएसटी क्षतिपूर्ति का प्रविधान हुआ। इसके जरिये शुरुआती पांच वर्षों तक राजस्व में होने वाले किसी भी नुकसान की भरपाई की गारंटी दी गई। 30 जून, 2022 को यह व्यवस्था समाप्त हो रही थी, जिसे लगभग चार वर्षों के लिए आगे बढ़ा दिया गया। राज्यों के राजस्व घाटे को पूरा करने और पहले के ऋण-ब्याज को चुकाने के उद्देश्य से अवधि बढ़ाई गई थी। इस वर्ष 31 मार्च को अवधि-विस्तार भी पूरी हो गई। बहरहाल उत्पादक राज्यों को जीएसटी क्षतिपूर्ति का खूब लाभ मिला है और थोड़ा-बहुत बिहार को भी। सभी राज्यों को मिलाकर इस मद में 942694.5 करोड़ रुपये दिए गए। उसमें से 26970 करोड़ रुपये बिहार के खाते में आए।

राज्यों के राजस्व में 14% वार्षिक की सुरक्षित वृद्धि-दर सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी क्षतिपूर्ति व्यवस्था तय हुई थी। इसे पूरा करने के लिए लक्जरी और अस्वास्थ्यकर वस्तुओं (तंबाकू, कोयला, गैसेस ड्रिंक आदि) पर अतिरिक्त उपकर (सेस) वसूला गया। बिहार को 121.7 करोड़ रुपये अधिशेष उपकर के रूप में मिले हैं।

## 'हनुमान अंश' की सफलता जारी : सौ करोड़ रुपये की कमाई से बाक्स आफिस पर छाई

- **नीम करोली बाबा के बारे में भारत जानने आई थीं निर्माता अनुप्रिया नागर**
- **निर्देशक विशाल चतुर्वेदी से मिलने बाद लिया निर्माता बनने का फैसला**



हनुमान अंश। फाइल

**जेएनएन, नई दिल्ली :** नीम करोली बाबा के जीवन पर भक्ति-सादगी और आध्यात्म-चमत्कार के योग से महज दो करोड़ रुपये के मामूली बजट में बनी यह हिंदी फिल्म अब बाक्स आफिस पर सौ करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म की कहानी जितनी सच्चाई से कही गई है, उतनी ही अच्छी लगती है। लेकिन फिल्म की निर्माता 21 वर्षीय अनुप्रिया नागर ने कभी फिल्म बनाने की योजना नहीं बनाई थी। वह ब्रिटेन की बाथ यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र की डिग्री हासिल कर रही थीं, जब उन्हें हनुमान भक्त नीम करोली बाबा को लेकर जिज्ञासा ने भारत वापस लाया और अंततः फिल्म के निर्देशक विशाल चतुर्वेदी से मिलवाया। उनकी इस यात्रा की अनपेक्षित शुरुआत एपल के दिवंगत सह-संस्थापक पर रिसर्च करने के दौरान हुई।

प्रेट्र के अनुसार, व्यापार ट्रैकिंग वेबसाइट सैक्निल्क के अनुसार, फिल्म ने घरेलू बाक्स आफिस पर 124.70 करोड़ रुपये की कुल कमाई की है। यह फिल्म सात अगस्त को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसकी शुरुआत बाक्स आफिस पर धीमी रही, पहले दो हफ्तों में मामूली संग्रह के बाद गति पकड़ने में सफल रही।

यह फिल्म दुखी बालक लक्ष्मीनारायण की कहानी है, जो अपनी मां की मृत्यु के बाद भगवान की खोज में आध्यात्मिक यात्रा पर निकलता है और अंततः संत नीम करौली बाबा में परिवर्तित हो जाता है।

अनुप्रिया नागर पढ़ाई पूरी करने के बाद स्विटजरलैंड जाना चाहती थीं, जहां उन्हें नौकरी मिल चुकी थी। लेकिन पहले उन्हें एक तकनीकी विषय के संबंध में स्टीव जाब्स और मेटा के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग के बारे में अध्ययन करना था। तभी स्टीव जाब्स संबंधी एक लेख में उन्होंने भारतीय संत नीम करोली बाबा के बारे में पढ़ा और फिर उन्हें लगा कि उन्हें किसी भारतीय संत के बारे में किसी विदेशी के जरिये क्यों जानना चाहिए और वह इस तलाश में भारत आ गईं।

इसके बाद उनकी मुलाकात फिल्म निर्देशक विशाल चतुर्वेदी से हुई जो महाराज जी पर फिल्म बनाना चाहते थे और उसके बाद उन्होंने अपनी पूरी जमा-पूंजी इसमें लगाने का फैसला लिया।

## जमशेदपुर में महिला ने किया एसएसपी कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास

**जासं, जमशेदपुर :** झारखंड के जमशेदपुर में जवान बेटे की मौत के मामले में न्याय की मांग करते-करते थक चुकी मां ने रविवार शाम बिष्टुपुर स्थित एसएसपी कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास किया। पीड़ित मां मोनी ने खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया और माचिस से आग लगाने ही थी कि मौके पर मौजूद एक युवक ने उन्हें पकड़ लिया।

मोनी के जवान बेटे जय यादव ने 26 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मोनी का आरोप है कि जय का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। युवती की ओर से लगातार मानसिक प्रताड़ना और ब्लैकमेलिंग किए जाने के कारण उसने यह कदम उठाया। मोनी के अनुसार, पुलिस के पास जय और आरोपित युवती के बीच हुई बातचीत के काल डिटेल, तस्वीरें और वीडियो समेत कई साक्ष्य मौजूद हैं। इसके बावजूद सोनारी पुलिस ने अब तक आरोपित युवती या उसके स्वजन से पूछताछ नहीं की है।

# बारिश और बाढ़

देश का मध्य और उत्तरी क्षेत्र इन दिनों बारिश व बाढ़ के रूप में दोतरफा चुनौतियों से जूझ रहा है। आलम यह है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, दिल्ली-एनसीआर, हिमाचल प्रदेश सहित अनेक राज्यों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। उत्तर प्रदेश में तो गंगा, यमुना, मंदाकिनी, घाघरा जैसी नदियों के उफान पर रहने के कारण लगभग 26 जिले जलमग्न हैं, जबकि बिहार में गंगा, गंडक, कोशी जैसी तमाम बड़ी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिससे राजधानी पटना सहित 14 जिलों की हालत गंभीर बनी हुई है। परेशानी की बात यह है कि मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बन जाने के कारण देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यह स्थिति तब है, जब इस वर्ष मानसून कमजोर माना जा रहा है और अगस्त में देश में सामान्य से करीब 16 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने सितंबर में भी सामान्य से कम वर्षा का ही अनुमान जताया है, लेकिन असीमित बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

यह सब बहुत हद तक जल प्रबंधन की नाकामी भी है। नदियों में पानी बढ़ने का दोष कुछ हद तक प्रकृति पर डाला जा सकता है, पर मामूली बारिश के बाद भी गांवों, शहरों के जलमग्न हो जाने, सड़कों के डूब जाने, यातायात ठप हो जाने या हवाई उड़ानों पर असर पड़ने को क्या कहा जाए? जरूरी न होने पर घर से बाहर न निकलने की प्रशासन की सलाह निश्चय ही महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे भी अहम यह प्रयास होना चाहिए कि शहरों को बारिश झेलने योग्य बनाया जाए। ग्रामीण इलाकों के लिए भी कुछ इसी तरह के नीतिगत बदलाव की दरकार है, क्योंकि बाढ़ और बारिश से किसानों की मानो दुनिया ही लुट जाती है। अभी जहां खेतों में खड़ी उनकी धान, सोयाबीन, मक्का जैसी फसलें डूब रही हैं, वहीं दूसरी तरफ, अगली फसल के लिए जरूरी संसाधन न जुटा पाने की चिंता भी सताने लगी होगी। तत्काल राहत पहुंचाने से आगे बढ़कर पुख्ता समाधान के प्रयास होने चाहिए। ज्यादातर जगह जल प्रबंधन में बढ़ती नाकामी विकास के साथ मजाक की तरह है। बाढ़ से निपटने के फौरी उपायों पर खर्च किया जाता है, लेकिन बाढ़ से बुनियादी ढांचे को जो नुकसान पहुंचता है, उसका भी आकलन जरूर करना चाहिए।

**मौसम विभाग ने सितंबर में भी सामान्य से कम वर्षा का अनुमान जताया है, लेकिन असीमित बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।**

बिहार पर इस बार दोहरी मार पड़ रही है। जहां अनेक जिले बाढ़ झेल रहे हैं, वहीं समग्रता में बिहार में अभी तक सामान्य से लगभग 35 प्रतिशत कम बारिश हुई है। एक जून के बाद से अब तक बिहार में 820 एमएम से ज्यादा बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक 530 एमएम भी नहीं हुई है। यह अच्छी बात है, उत्तर प्रदेश में इस मानसून के दौरान सामान्य से एक प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। उत्तराखंड में भी सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तो इस बार खूब भीग रही है। झारखंड और हिमाचल प्रदेश को भी बादलों ने ज्यादा निराश नहीं किया है। समग्रता में देखें, तो लद्दाख और ओडिशा में ही इस बार बहुत अच्छी बारिश हुई है। इस साल सुपर अल-नीनो ने कुछ असर दिखाया है। दक्षिणी राज्य प्रभावित हुए हैं। विडंबना देखिए, भारत के जिस राज्य का नाम मेघों के नाम पर है, उस मेघालय में सामान्य से 58 प्रतिशत कम बारिश हुई है। बादलों का कहीं कम, तो कहीं ज्यादा बरसना नई बात नहीं, पर युद्ध स्तर पर ऐसे प्रबंध होने चाहिए कि न कहीं बाढ़ की स्थिति बने और न कहीं सूखे के हालात।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले

07 सितम्बर, 1951

### राजस्थान का बजट

बड़ी प्रतीक्षा के बाद राजस्थान का सन् 1951-52 का बजट प्रकाशित किया गया है। यह बजट असाधारण विलम्ब से प्रकाशित हुआ है। राज्यों का आर्थिक वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होता है और साधारणतया उसके पहले ही बजट तैयार करके मंजूर करवा लिया जाता है। राजस्थान में भी बजट समय पर तैयार हो गया था, किन्तु उसका प्रकाशन इसलिए स्थगित रखा गया कि नये लोकप्रिय मंत्रिमंडल के निर्माण की चर्चायें चल रही थीं और उसको बजट पर विचार करने का मौका देना आवश्यक समझा गया। नये मंत्रिमंडल ने 26 अप्रैल को पदग्रहण किया था। उसको तैयार बजट पर विचार करने और सर्वसाधारण के सामने रखने में चार महीने का समय लग गया। इस विलम्ब के लिए अकेले राजस्थान मंत्रिमंडल को दोष देना न्यायोचित नहीं होगा।

राजस्थान सरकार को बजट पर रियासती मंत्रालय की पूर्व अनुमति हासिल करनी आवश्यक थी। कहा जाता है कि रियासती मंत्रालय ने राजस्थान के बजट पर विचार करने में दो महीने का लम्बा समय लगा दिया। राजस्थान के बजट में उसके मूल रूप में काफी बड़ा घाटा था और रियासती मंत्रालय को यह देखना पड़ा कि इस घाटे को किस तरह कम किया जा सकता है। केन्द्र से कुछ अफसर बजट की जांच-पड़ताल के लिए भेजे गए और उनकी सिफारिशों के अनुसार बजट अनुमानों में 1 करोड़ 80 लाख की कमी की गयी। इस कमी के बावजूद जो बजट सामने आया है, यह घाटे का बजट है।

सन् 1951-52 के बजट में राजस्थान राज्य की आय 16 करोड़ 5 लाख अनुमानित की गयी है और व्यय 16 करोड़ 20 लाख। इस प्रकार राज्य के सामान्य आय-व्यय के बजट में ही 15 लाख का घाटा है। इसके अलावा पूंजीगत खर्च की मद में 1 करोड़ 8 लाख रुपया रखा गया है। अतः सामान्य घाटे की रकम और पूंजीगत खर्च की रकम को जोड़ने से कुल घाटा 1 करोड़ 97 लाख रुपया अनुमान किया गया है। इस घाटे की पूर्ति राज्य की सिक्यूरिटियों को बेचकर, ऋण लेकर और अमानत के तौर पर जमा होने वाली रकमों से की जायेगी। बजट के इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि राजस्थान के पास विकास कार्यों के लिए साधन नहीं के बराबर हैं। स्वयं वित्त मंत्री ने स्वीकार किया है कि राजस्थान की मौजूदा आय से मौजूदा खर्च चलाना भी मुश्किल होगा।

# भारत में कौन शहर बसने लायक



यहां स्कैन करें

**मनु जोसेफ** | वरिष्ठ पत्रकार

**दक्षिण मुंबई अकेला ऐसा शहर है, जहां जीवन वाकई बेहतर हुआ है, लेकिन वहां भी मकान का किराया अधिक है और भारत में घर बदलना, देश छोड़ने से अधिक महंगा है।**

एक दिन गुरुग्राम की ऐसी गली से मेरा गुजरना हुआ, जो कीचड़ से लथपथ थी। उसमें मेरी गाड़ी एक स्पीड ब्रेकर से टकराई, जो ठीक आधा मीटर ऊंचा था। स्पीड ब्रेकर के उस अजीब बनावट को देख दुख तो बहुत हुआ, पर उसके आदिम स्वरूप ने मेरा दिल भी जीत लिया। आगे बढ़ने पर मुझे अंग्रेजी में लिखा और उल्टा लटका 'सड़क संकेतक' दिखा। मुझे अपने गांव की याद हो आई।

अगले दिन, मैंने एक हट्टा-कट्टा आदमी देखा, जिसने गमछे से अपना चेहरा ढका हुआ था। वह बिजली विभाग से था, लेकिन उसके पास न कोई बैज था, न यूनिफॉर्म, और न ही उसने घंटी बजाई थी। वह मेरे विला के पोर्च (बाहरी आंगन) में 'घुस' आया था और यहां-वहां 'चीजों से छेड़छाड़' कर रहा था। मुझे लगा, मेरे आंगन पर पूरे गांव का हक है। मुझे अचानक ही गुरुग्राम से प्यार होने लगा।

जो लोग मनोविज्ञान को गंभीरता से लेते हैं, वे कह सकते हैं कि मुझे 'स्टॉकहोम सिंड्रोम' हो गया है। यह ऐसी स्थिति होती है, जिसमें पीड़ित को अपने पीड़क से ही प्यार हो जाता है। यह नाम 1973 के स्वीडन 'बंधक संकट' के बाद एक पुलिस मनोचिकित्सक ने गढ़ा था, ताकि उस महिला के आरोप को बेबुनियाद साबित कर सके, जिसने पुलिस पर आरोप लगाया था कि बंधनकर्ताओं की तुलना में पुलिस ने उसकी जान को ज्यादा खतरे में डाला।

बहरहाल, गुरुग्राम में रहने के मैंने मजे लेना शुरू ही किया था कि इसे छोड़ना पड़ रहा है। यहां रहने की मजबूरी खत्म हो गई है, इसलिए अब मैं जहां चाहूं, वहां रह सकता हूं- साफ हवा में, प्रकृति के बीच, निजी सादगी और सार्वजनिक शान-शौकत के साथ। तब तो अब मुझे भारत छोड़ना होगा, क्योंकि देश का ज्यादातर हिस्सा धुएं और धुंध से भरा है। यकीन नहीं हो रहा, तो चलिए, कुछ शहरों की दशा बताता हूं।



गुरुग्राम की तरह ही बेंगलुरु भी दुर्व्यवस्था का शिकार है। वह इस गलतफहमी को भी तोड़ता है कि दक्षिण भारतीय लोग शांतिप्रिय होते हैं। यह एक आक्रामक शहर है, खासकर तब, जब आप गलत दिशा से गाड़ी चला रहे किसी स्थानीय व्यक्ति को टोकते हैं। निस्संदेह, यहां-वहां कुछ झीलें हैं, जिनके किनारे मैं दौड़ लगा सकता हूं, लेकिन क्या महज इस काम के लिए मुझे इतनी मुश्किलें मोल लेनी चाहिए? स्थानीय लोग जिस तरह से कब्बन पार्क की तारीफ करते हैं, उसे सुनकर लगता है कि यह न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क या लंदन के हाइड पार्क जैसी कोई शानदार जगह होगी, मगर असलियत यही है कि भारतीयों का मानक अब भी अच्छा नहीं बन सका है।

इसी तरह, मुंबई किसी समय वास्तव में एक महान शहर था, पर स्थानीय राजनेताओं ने इसे एक बड़ा 'सिमटा हुआ शहर' बना दिया है। इस शहर को हमें कष्ट देने का अधिकार है, क्योंकि यहां हमें ऐसा बहुत कुछ मिलता है, जो किसी दूसरी जगह नहीं मिल सकता, लेकिन मुंबई दशकों से ऐसी नहीं रही है। हालांकि, मैं दक्षिण मुंबई में रह सकता हूं। वहां रहता भी था, और यह भारत का एकमात्र शहर है, जहां जीवन वास्तव में बेहतर हुआ है, लेकिन वहां मकान का किराया बहुत अधिक है, और भारत में घर बदलना, अब देश छोड़ने से भी अधिक महंगा पड़ने लगा है।

पहाड़ों की बात करें, तो इसे भी उस बीमारी ने अपनी चपेट में ले लिया है, जिसे भारतीय राजनेता 'विकास' कहकर प्रचारित करते हैं। मैंने मनाली से अधिक 'ओवररेटेड' (बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई) जगह नहीं देखी है और ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है, क्योंकि चीड़ के पेड़ मध्य-हिमालय में हर तरफ नजर आते हैं। असल में, भारत में 'विकास' का मतलब है, उन जगहों पर मुश्किलें पैदा करना, जहां जीवन पहले बेहतर था। इसी तरह, मेरे जो दोस्त खासकर हैदराबाद की ओर इशारा करते हैं, लगता है, भारत में लंबे समय तक रहने के कारण उनका भी स्तर गिर गया है।

मैं केरल भी नहीं जा सकता, इसलिए नहीं कि वहां बहुत सारे रिश्तेदार हैं। निस्संदेह, वहां ऐसी कई चीजें हैं, जिनका मैं सम्मान करता हूं; वहां सुंदरता और स्वच्छ हवा भी है, लेकिन यह एक उबाऊ जगह है। वहां आधुनिकता का बोध नहीं है। मैं वहां के ऐसे कई युवाओं को जानता हूं, जो प्रकृति की गोद में बने अपने आलीशान बंगलों को छोड़ बेंगलुरु जैसे भीड़भाड़ वाले महानगरों में बसने को बेताब हैं। इसकी वजह सिर्फ यही नहीं है कि वे मलयाली परिवारों की जासूसी वाली मानसिकता से बचना चाहते हैं, बल्कि इसलिए भी कि केरल में लोगों की सोच ऐसी है कि वे युवाओं को उनकी मर्जी से जीने नहीं देते।

मैं मौज-मस्ती नहीं करना चाहता, पर ऐसी जगह जरूर रहना चाहता हूं, जहां दूसरे लोग मौज-मस्ती कर रहे हों और देर रात जीवन का लुत्फ उठाना जानते हों। मैं रिटायर नहीं कहलाना चाहता। मुझे हलचलों के बीच में रहना पसंद है, यानी ऐसी जगह पर, जो भले ही भविष्य का भरोसा न दे, पर वर्तमान में जरूर जीती हो।

यहां आप मुझे गोवा की याद दिला सकते हैं, जो शायद भारत का सबसे बहुरंगी शहर है। मगर इसके उत्तर और दक्षिण के समुद्री तटों को छोड़ दें, तो यहां ऐसा कुछ भी नहीं है, जो मेरी जिंदगी को गुरुग्राम से बेहतर बना सके। फिर भी, मैं वहां ऐसी जिंदगी जी सकता हूं, जो भारत में किसी भी दूसरी जगह से ज्यादा मजेदार होगी। मैं समुद्र के किनारे एक छोटी सी जगह पर रह सकता हूं, साफ-सुथरे 'बीच' पर नंगे पैर दौड़ सकता हूं और महीने में एकाध बार यूनियनबाजी के कारण महंगी हो चुकी कैब में बैठकर गोवा को देखने निकल सकता हूं। हालांकि, लगभग इतने ही पैसे में मैं स्पेन के वालेंसिया में भी रह सकता हूं।

किस्सा कोताह यह है कि अगले कुछ महीनों तक मैं दुनिया भर में ठंडी और शांत जगहों पर घूमता रहूंगा। हालांकि, भारत के बारे में एक और बात है। यहां से निकलना कभी आसान नहीं होता। रुपया इतना कमजोर है कि लंदन में कॉफी की कीमत भी पहाड़ जैसी लगती है। और, अपना पासपोर्ट सबसे कमजोर पासपोर्टों में से एक है। इसलिए, अगर कोई आव्रजन अधिकारी इस लेख को पढ़ रहा हो, तो वह भरोसा रखे कि वतन वापस लौटने का मेरा पूरा इरादा है; उन्हीं शहरों में, जहां सड़कें टूटी-फूटी हैं, फुटपाथ नहीं हैं और प्रदूषण के बीच गाड़ियां गलत दिशा में दौड़ती हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# सारनाथ बौद्ध स्थल के असली खोजकर्ता को मिला सम्मान



यहां स्कैन करें

**निरंकार सिंह** | पूर्व सहायक संपादक, हिंदी विश्वकोश

विश्वविख्यात बौद्ध धर्मस्थल एवं पर्यटन केंद्र सारनाथ के ऐतिहासिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसकी खोज का श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने ले लिया। अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ऐतिहासिक तथ्यों की गहन छानबीन के बाद बाबू जगत सिंह के योगदान को स्वीकार कर लिया है। वाराणसी से लगभग 10 किलोमीटर पर स्थित सारनाथ दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों में से एक है। यह वही स्थान है, जहां गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश दिया था।

इस बौद्ध स्थल की खोज का इतिहास उल्लेखनीय और आकर्षक है। 1787 के आसपास स्थानीय राजपरिवार के सदस्य और सारनाथ के जमींदार बाबू जगत सिंह को इस क्षेत्र में उपलब्ध ईंटों और पत्थरों के अंबार का पता चला। उन्होंने अपने नाम पर नगर में एक बाजार निर्मित करवाने के लिए इस निर्जन क्षेत्र को खोदकर यहां से आवश्यक निर्माण सामग्री प्राप्त करने का मन बनाया और मजदूरों को इस काम में लगा दिया। धमेख स्तूप से पश्चिम में लगभग 520 फीट (158.5 मीटर) की दूरी पर ईंटों और पत्थरों के ढेर को खोद निकाला गया। इनमें सतह से 18 हाथ की गहराई पर गोलक-रूप बलुआ पत्थर के बक्से के भीतर एक बेलनाकार हरे रंग की संगमरमर की मंजूषा मिली। संगमरमर के बक्से में मानव हड्डियां, क्षरित मोती, सोने की पत्तियां और अन्य मूल्यवान रत्न भी मिले थे। कालावधि में अस्थियों को गंगा नदी में विसर्जित कर दिया गया और दोनों बक्सों को कलकत्ता (कोलकाता) स्थित एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया। बनारस के तत्कालीन रेजिडेंट जोनाथन डंकन ने इस खोज का विस्तृत विवरण तैयार किया, जिसे 1799 में एशियाटिक सोसाइटी की पत्रिका में प्रकाशित किया गया।

**परिसर में लगी पट्टिका को संशोधित कर दिया गया है, जिसमें जगत सिंह की भूमिका मानते हुए उनका नाम शामिल किया गया है।**

उसी स्थान पर भूमिगत बुद्ध की एक मूर्ति भी पाई गई थी, जिसके नीचे पाल राजा महिपाल का एक शिलालेख था। यह विक्रम संवत 1083 (ईस्वी सन् 1026) का दिनांकित शिलालेख है। हालांकि, 1835 में प्रकाशित कनिंघम की उत्खनन रिपोर्ट के साथ डंकन के आलेख के विश्लेषण से एक अलग ही तस्वीर उभरती है। कनिंघम के अनुसार, चुनार के बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर 1835 में पाया गया था। उन्होंने इसे पास के गांव के एक व्यक्ति (संगकर या शंकर) द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खोजा था, जो 1787 में स्तूप का खनन करने वाली टीम में शामिल था। कनिंघम के अनुसार, उन्हें एक मोटी गोलाकार दीवार मिली। अवशेष एक ईंट के अर्धगोलाकार स्तूप के अंदर रखा गया था, जिसका व्यास 49 फीट था और एक दीवार से ढका हुआ था। बाबू जगत सिंह के मजदूरों ने केवल आंशिक रूप से संरचना के आधे हिस्से में पत्थर के बक्से से लगभग छह फीट की ऊंचाई तक ईंटों की खुदाई की थी और बक्से को अछूता छोड़ दिया था। इस स्तूप का पूर्ण उत्खनन 18 वर्ष बाद मेजर किट्टो द्वारा करवाया गया।

एएसआई के महानिदेशक वाई एस रावत के अनुसार, सारनाथ परिसर में लगी पट्टिका को अब संशोधित कर दिया गया है, जिसमें जगत सिंह की भूमिका को मान्यता देते हुए उनका नाम भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया है कि कई पुरातत्वविदों ने बाद में खुदाई की, जिसमें तीसरी सदी ईसा पूर्व से लेकर 12वीं सदी ईस्वी तक के मठ, स्तूप, मंदिर और मूर्तियां मिलीं। प्रदीप नारायण सिंह अपने पूर्वजों के ऐतिहासिक योगदान के बारे में शोध और दस्तावेजी सुबूत इकट्ठा करने में लंबे समय से लगे थे।

इस प्रकार सारनाथ में स्तूप के खनन के संबंध में कुछ बातें स्पष्ट हैं। पहला, यह अनजाने में हुई थी और कोई नहीं जानता था कि यह स्थान पुरातात्विक महत्व का एक प्राचीन बौद्ध स्थल है। जैसे ही बाबू जगत सिंह को इसके महत्व के बारे में पता चला, उन्होंने हरसंभव कोशिश की थी कि इस स्थान की और क्षति न हो। दूसरे, बाबू जगत सिंह के मजदूरों को 1787 के खनन में, जो दो बक्से मिले, उन्हें एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया था, जहां से वह कालांतर में गायब हो गए। बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर अपने मूल स्थान पर छोड़ दिया गया और अंततः कनिंघम द्वारा बाहर निकाला गया।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## मनसा वाचा कर्मणा

# बांधने वाले बंधते हैं

जो लोग गुलामी में जीते हैं, उन्हें लगता है कि वे बहुत दुखी हैं और उनके ऊपर जो मालिक बैठे हैं, वे खुश हैं। हम सब उनकी सेवा करते हैं, पर हमें कोई स्वतंत्रता नहीं है और उन्हें पूरी आजादी है। यह सोच गलत है। जो आदमी दूसरे को बांधता है, वह खुद भी बंध जाता है।

पुरुष ने स्त्री को बुरी तरह बांधा और इसका गंभीर परिणाम यह हुआ कि स्त्री अविकसित रह गई, लेकिन उसके साथ ही पुरुष अविकसित रह गया। पुरुष के अंदर की सारी कोमलता, सरलता और स्त्रैण भाव नष्ट हो गए; वह कठोर, निर्मम और खूंखार बन गया। इसी का असर है आज का हिंसक, आतंक की दहशत में दबा हुआ समाज; ऐसा समाज, जिसमें निश्छल प्रेम का नामो-निशान नहीं है।

मालिक नौकरों को दबाता तो है, लेकिन बदले में वह नौकरों पर इतना निर्भर हो जाता है कि उनके बिना उसका काम नहीं चलता। नौकर जिस तरह के शारीरिक श्रम करते हैं, वैसा मालिक नहीं कर सकता। एक दिन घर में नौकर न आएं, तो देखिए कि कैसा हंगामा होता है। घर के लोग बैठकर नौकरों की बुराई करते हैं, परेशान हो उठते हैं, लेकिन खुद उठकर काम नहीं करते। अपने घर की सफाई वे खुद क्यों नहीं कर सकते? इसके लिए दूसरों को पैसे देकर क्यों रखना पड़ता है? उच्च वर्ग के लोगों की यह कमजोरी है कि वे छोटे काम नहीं कर सकते। उन्हें नौकरों के अधीन रहना पड़ता है। जरा सोचिए, यह कितनी बड़ी मजबूरी है। अतः दूसरों को बांधने से पहले दस बार सोचना चाहिए कि इससे मैं अपने आपको कितना बंधन में डाल रहा हूं।

ओशो एक कहानी कहते हैं, जिससे यह बात और साफ होगी। एक आदमी गाय को बांधकर ले जा रहा था और उसी रास्ते से सूफी फकीर फरीद अपने शिष्यों के साथ जा रहे थे। फरीद ने शिष्यों से कहा कि इस आदमी को घेर लो, मैं कुछ तुम्हें सिखाना चाहता हूं। शिष्य गाय को घेरकर खड़े हो गए। फरीद ने पूछा- देखो, और बताओ, इनमें गुलाम कौन है? यह आदमी या गाय?

शिष्यों ने कहा कि यह भी कोई पूछने की बात है? गाय गुलाम है। यह आदमी मालिक है। फरीद ने पूछा- अगर यह सच है, तो गाय की रस्सी छूट जाए और यह भाग जाए, तो आदमी गाय को खोजेगा कि गाय आदमी को खोजेगी? शिष्यों ने समवेत स्वर में कहा- आदमी गाय को खोजेगा। फरीद ने पूछा- फिर गुलाम कौन है?

**जिसको हम बांधते हैं, उससे हम भी बंध जाते हैं और बड़ी सूक्ष्म गुलामी पैदा हो जाती है। मालिक भी गुलाम होता है सूक्ष्म रूप में। असली मालिक तो वही होता है, जो किसी को गुलाम ही नहीं बनाता।**

जिंदगी के नियम उल्टे हैं। जो दिखाई देता है, वही सच नहीं है। सच सदा गहरे में छिपा होता है। जिसको हम बांधते हैं, उससे हम भी बंध जाते हैं और बड़ी सूक्ष्म गुलामी पैदा हो जाती है। मालिक भी गुलाम होता है सूक्ष्म रूप में। असली मालिक तो वही होता है, जो किसी को गुलाम ही नहीं बनाता, जो आत्मनिर्भर होता है।

**अमृत साधना**

**योगी आदित्यनाथ** | मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**जब करोड़ों महिलाएं आर्थिक गतिविधियों से जुड़ती हैं, तो केवल उनका परिवार ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था भी तीव्र गति से आगे बढ़ती है। सरकार और कर्मचारी का रिश्ता केवल वेतन और कार्य का नहीं होता, वह विश्वास व जिम्मेदारी का भी होता है।**

## अनुलोम-विलोम

### यूपीआई अधिनियम




# कैशलेस इंडिया की राह होगी मुश्किल

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, यानी यूपीआई के दस साल हो गए। इन वर्षों में इसने भारत के आर्थिक जीवन में जिस तरह क्रांति ला दी, वह किसी चमत्कार से कम नहीं। चाय की दुकान से लेकर बड़े बाजार तक और सब्जीवाले से लेकर ऑनलाइन कारोबार तक, मोबाइल की स्क्रीन पर कुछ क्षणों में ही अब भुगतान संभव हो गया है। जेब में नकदी न हो, तब भी लेन-देन रुकता नहीं। इस सूरतेहाल में यूपीआई व्यवस्था में शुल्क लगाने की आशंका से जुड़ा नया प्रावधान डिजिटल भुगतान के भविष्य पर स्वाभाविक बहस खड़ी करता है।

वर्तमान व्यवस्था में यूपीआई भुगतान पर व्यापारी से 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' यानी एमडीआर नहीं लिया जाता। छोटे व्यापारियों के लिए 2,000 रुपये तक के भीम-यूपीआई लेन-देन पर शून्य एमडीआर और प्रोत्साहन की व्यवस्था सरकार ने जारी रखी थी। अब यदि भविष्य में कुछ श्रेणियों के व्यापारिक लेन-देन पर शुल्क वसूला जाएगा, तो उसका प्रभाव केवल भुगतान कंपनियों और बैंकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बाजार के व्यवहार पर भी इसका असर पड़ सकता है। व्यापारी स्वाभाविक रूप से अपनी लागत कम करना चाहता है। यदि डिजिटल भुगतान पर शुल्क लगे और नकद भुगतान बिल्कुल निःशुल्क रहे, तो कुछ दुकानदार ग्राहकों को नकद भुगतान के लिए प्रेरित कर सकते हैं। परिणामस्वरूप डिजिटल भुगतान की रफ्तार प्रभावित होने और बैंकों व एटीएम में नकदी निकासी की संख्या बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि प्रस्तावित व्यवस्था में आम उपभोक्ताओं से सीधे शुल्क लेने की बात नहीं कही गई है और अधिकांश छोटे व्यापारियों को भी प्रभावित न करने की बात सामने आई है।

भारत ने कैशलेस अर्थव्यवस्था की दिशा में लंबी यात्रा तय की है। ऐसे में, नकद को फिर से आकर्षक बनाने वाली कोई भी व्यवस्था सावधानीपूर्वक लागू की जानी चाहिए। दूसरी ओर, यूपीआई के विशाल डिजिटल ढांचे को बनाए रखने में बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और तकनीकी संस्थानों की बड़ी लागत आती है। अतः सवाल यह नहीं कि शुल्क होना चाहिए या नहीं, बल्कि सवाल यह है कि शुल्क किससे, कितना और किस प्रकार लिया जाए। यूपीआई को केवल भुगतान का माध्यम नहीं, बल्कि डिजिटल और वित्तीय समावेशन का आधार मानना होगा। इसलिए यूपीआई को राजस्व का साधन बनाने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि कैशलेस इंडिया का साधक अनजाने में नकदी की वापसी में सहायक न बन जाए।

**विनोद कुमार**, टिप्पणीकार

# यूपीआई अधिनियम के कई छिपे फायदे

भारत में डिजिटल भुगतान की सफलता का सबसे बड़ा प्रतीक यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) है। 2016 में शुरू हुई यह व्यवस्था आज दुनिया की सबसे बड़ी रियल-टाइम भुगतान प्रणाली बन चुकी है। अब सरकार ने भुगतान और निपटान प्रणाली (संशोधन) अधिनियम, 2026 के माध्यम से यूपीआई और अन्य इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों के लिए नया कानूनी ढांचा तैयार किया है, जिसका उद्देश्य आम उपभोक्ता पर बोझ डालना नहीं, बल्कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था को दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाना है।

सबसे बड़ा लाभ यही होगा कि वित्तीय तौर पर स्थिरता होगी। अब तक यूपीआई पर अधिकांश लेन-देन में मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लगता था। इसका परिणाम यह हुआ कि बैंक और भुगतान सेवा प्रदाता विशाल डिजिटल ढांचे का खर्च उठाते रहे, जबकि उनके लिए आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं था। नया अधिनियम सरकार को आवश्यकता पड़ने पर सीमित श्रेणी के कारोबारी लेन-देन पर नाममात्र का शुल्क तय करने का अधिकार देता है। इससे बैंक, फिनटेक कंपनियां व भुगतान अवसंरचना में निवेश बढ़ेगा और सेवा की गुणवत्ता बेहतर होगी। आम उपभोक्ता को भी राहत मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि व्यक्ति से व्यक्ति होने वाले सभी यूपीआई लेन-देन पहले की तरह निःशुल्क रहेंगे। अधिकांश छोटे कारोबारी भुगतान भी बिना शुल्क जारी रहने की बात कही गई है। नए अधिनियम से डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि यूपीआई ने नकदी पर निर्भरता कम की है और छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों व ग्रामीण उद्यमियों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। नया कानूनी ढांचा इस नेटवर्क को अधिक विश्वसनीय बनाएगा। जब भुगतान प्रणाली आर्थिक रूप से मजबूत होगी, तब नई तकनीक, बेहतर साइबर सुरक्षा और तेज सेवाओं में निवेश भी संभव होगा। इससे डिजिटल इंडिया अभियान को और मजबूती मिलेगी।

हालिया बदलावों से ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी। यूपीआई बाजार में कुछ बड़ी एप का दबदबा लगातार बढ़ा है। नियामक संस्थाएं चाहती हैं कि भुगतान व्यवस्था किसी एक या दो कंपनियों पर अत्यधिक निर्भर न रहे। नया ढांचा छोटे और नए भुगतान सेवा प्रदाताओं के लिए भी अवसर पैदा करेगा, जिससे नवाचार और स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह, यही कहा जा सकता है कि यूपीआई अधिनियम को केवल शुल्क लगाने वाले कानून के रूप में देखना उचित नहीं होगा।

**अभिलाषा कुमारी**, टिप्पणीकार

# कमाई के साथ खुशहाल हो जिंदगी

**पैसा हमारे लिए सुविधा और भावी सुरक्षा का दूसरा नाम है। यही वजह है कि हम पैसा खर्च करने से पहले कई बार सोचते हैं। दर्द सहते रहना हमें सस्ता लगता है और अपनी सलामती और बेहतरी पर खर्च करना महंगा। हमेशा मजबूरी आड़े नहीं आती। रुपये-पैसे को लेकर हमारी सोच ही ऐसी बन जाती है कि हम बुनियादी जरूरतों पर खर्च करना टालते रहते हैं।**



मुथोनी अमरान

पिछले करीब दो हफ्तों से मैं अपने पैर की एक समस्या से जूझ रही हूं। शायद यह सुनने में बहुत बड़ी बात न लगे। यह कैंसर नहीं है, कोई इमरजेंसी भी नहीं। दर्द इतना भी नहीं कि रोजमर्रा का काम रुक जाए। शायद इसी वजह से मैं खुद भी डॉक्टर के पास जाने से हिचक रही थी। दरअसल, मैं बहुत चलती हूं। ज्यादातर दिनों में दो-तीन घंटे। चलते हुए सोचती हूंऔर दुनिया को समझने की कोशिश करती हूं। अगर मुझे शरीर के किसी एक हिस्से में निवेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए, तो वह मेरे पैर ही हैं।

जब मैंने नैरोबी में पोडियाट्रिस्ट यानी पैरों से जुड़े विशेषज्ञों से संपर्क किया, तो मेरे दिमाग में खर्च का हिसाब चलने लगा। सबसे सस्ती फीस 5000 केन्याई शिलिंग थी, वह भी सिर्फ कंसल्टेशन की। इलाज, स्कैन और दवाओं का खर्च अलग। पूरा खर्च आसानी से 15,000-20,000 केईएस तक पहुंच सकता था। यहीं सवाल उठा- क्या मुझे सचमुच डॉक्टर के पास जाने की जरूरत है? शायद थोड़ा आराम करने से दर्द अपने आप ठीक हो जाए।

सच यह था कि ये विचार तर्क से नहीं, पैसे को लेकर मेरी सोच से आ रहे थे। हममें से ज्यादातर लोग पैसे के बारे में शायद इसी तरह सोचते हैं। हम पैसे के बदले असुविधा, थकान और यहां तक कि शारीरिक नुकसान भी सह लेते हैं। लेकिन खुद को इन चीजों से बचाने के लिए पैसा खर्च करने में हिचकते हैं।

कुछ समय पहले मैं एक टाइल फैक्ट्री में काम करती थी। पैसा ठीक-ठाक मिलता था, लेकिन वहां की धूल मेरी सेहत को नुकसान पहुंचा रही थी। आंखों से लगातार पानी आता था। शोर बहुत था और नींद मुश्किल से आती थी। मेरे आसपास कई लोग थे, जो तीस साल की उम्र से पहले ही कमर दर्द से जूझ रहे थे। फिर भी लोग काम छोड़ने की नहीं सोचते थे।

मैं समझ सकती हूं क्यों? किराया तो देना ही था। खाना खरीदना ही था। केन्या में जिंदगी सिर्फ इसलिए नहीं रुक जाती कि आपकी नौकरी आपके शरीर पर भारी पड़ रही है। नौकरी से मिलने वाला वेतन उस कुर्बानी को जरूरी और उचित ठहरा देता है।

**हम खुद को जोखिम से बचने वाला इंसान मानते हैं। लेकिन क्या हम वास्तव में ऐसे हैं?**

- वेतन के लिए आंखों की रोशनी जोखिम में डालना
- कमाई के लिए सुनने की क्षमता जोखिम में डालना
- वेतन के लिए नींद कुर्बान करना। ऐसे जोखिम हम हर दिन लेते हैं।

## खुद पर पैसा खर्च करना फिजूलखर्ची क्यों?

इसे एक साधारण उदाहरण से समझिए। ज्यादातर लोग अपनी जिंदगी का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बिस्तर पर बिताते हैं। फिर भी बहुत लोग सालों तक घिसे हुए गद्दे पर सोते रहते हैं। गर्दन और कमर दर्द की शिकायत करते हैं, नींद खराब होने की बात करते हैं। खुद से कहते हैं, 'अगले साल गद्दा बदलेंगे।' फिर अगला साल आता है। उसके बाद अगला। एक अच्छा गद्दा हमें महंगा लगता है। दर्द सस्ता।

यही बात जूतों, तकियों, इनरवियर और उन तमाम चीजों पर लागू होती है, जिन्हें हम हर दिन इस्तेमाल करते हैं। ये चीजें हमारे आराम, मुद्रा, नींद, लचीलेपन और सेहत को प्रभावित करती हैं। फिर भी हम वर्षों तक असुविधा सहते रहते हैं।

ऐसा इसलिए नहीं कि ये चीजें महत्वपूर्ण नहीं हैं। शायद, इसलिए कि इन पर खर्च किया गया पैसा हमें उतना जरूरी नहीं लगता। जबकि इनका इस्तेमाल न करने की कीमत धीरे-धीरे चुकानी पड़ती है। यह ठीक है कि केन्या में गुजर-बसर करना बहुत से लोगों के लिए आसान नहीं है। नौकरी जा सकती है। बिजनेस बंद हो सकता है। मेडिकल इमरजेंसी पूरी बचत खत्म कर सकती है। ऐसे में पैसा सिर्फ पैसा नहीं रह जाता। वह बन जाता है- ■ सुरक्षा ■ बचाव ■ भरोसा। विपरीत हालात से लड़ने का विश्वास। शायद यहीं से समस्या शुरू होती है। भविष्य के लिए पैसा बचाते-बचाते हम उन जरूरी चीजों पर ही खर्च करना भूल जाते हैं, जो हमारे लिए जरूरी है।

### कीमत आप न चुकाएं

पैसे की जरूरत को, उससे जुड़े डर को मैं समझती हूं। हाल ही में मैंने एक नौकरी छोड़ दी, जबकि मेरे पास अगली नौकरी तय नहीं थी। चिंता वास्तविक है। मैं पूरी तरह समझ सकती हूं कि 5,000 केईएस की फीस मुझे घायल पैर के साथ घूमते रहने से ज्यादा मुश्किल क्यों लग सकती है। यही वह विरोधाभास है, जिसके बारे में हमें पर्याप्त बात करने की जरूरत है-

■ पैसा एक साधन है, मंजिल नहीं ■ पैसा एक जरिया होना चाहिए, जो हमारी सेहत की रक्षा करने में मदद करे, जिससे हमारा रहन-सहन बेहतर हो ■ पैसा, उन चीजों को सुरक्षित रखने में हमारी मदद करे, जिन्हें हम वास्तव में महत्व देते हैं।

लेकिन, हममें से बहुत लोगों ने इस माध्यम को ही उन चीजों से ज्यादा महत्वपूर्ण मानना शुरू कर दिया, जिनकी रक्षा के लिए वह माध्यम बनाया गया था। हम अपने शरीर पर पैसा खर्च करने से हिचकते हैं। हम अपने आराम पर पैसा खर्च करने से हिचकते हैं। हम बचाव के उपायों पर पैसा खर्च करने से बचते हैं। हम मरम्मत पर पैसा खर्च करने से हिचकते हैं।

और फिर सालों तक उन फैसलों की कीमत चुकाते रहते हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि हमने पैसे के लिए खुद को लगातार कुर्बान करने की इतनी आदत डाल ली है कि अब खुद पर पैसा खर्च करना ही हमें सबसे बड़ा जोखिम लगता है।

www.kenyaonashoestring.co.ke

विविध

# अपने व्यक्तित्व को ठीक से पहचानें

**दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। एक, जो मेहनत करते हैं और पहल करना चाहते हैं। दूसरे, जो दूसरों का लाभ उठाने में यकीन रखते हैं। अक्सर हमारे भीतर ये दोनों प्रवृत्तियां दिखती हैं। हालांकि, इंसान को एक खांचे में बांधना सही नहीं है। समय के साथ हम बदलते हैं, पर हमें खुद से पूछना चाहिए कि हम कैसे इंसान हैं?**



**■ जो मेहनत करते हैं बनाम जो दूसरों की मेहनत का लाभ उठाते हैं**

मेहनत करने वाले खुद जिम्मेदारी लेते हैं। वे अपने हुनर, समय और प्रयास से कुछ बनाने में विश्वास रखते हैं। उनके लिए परिणाम के साथ प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण होती है।

फायदा उठाने वाले दूसरों की मेहनत से लाभ लेना चाहते हैं। वे अक्सर शॉटकट ढूंढ़ते हैं। अपना उचित योगदान देने से बचते हैं।

■ **खुद से पूछें:** क्या मैं अपना हिस्सा ईमानदारी से निभाता हूं? क्या मैं दूसरों की मेहनत की कद्र करता हूं?



**■ जो सहयोग देते हैं बनाम सिर्फ सहयोग लेते हैं**

सहयोग देने वाले लोग अपना समय, ऊर्जा या संसाधन दूसरों से साझा करते हैं। वे हर बार बदले में कुछ पाने की उम्मीद नहीं करते।

दूसरों से सिर्फ लेने में यकीन रखने वाले दूसरों के समय, प्रयास या ऊर्जा की परवाह नहीं करते। वे दूसरों से सिर्फ लेते हैं, बदले में देने की कोशिश नहीं करते।

■ **खुद से पूछें:** क्या मैं दूसरों के समय और ऊर्जा का सम्मान करता हूं? मैं दूसरों से जितना लेता हूं, उन्हें उतना लौटा सकता हूं?



**■ जो दूसरों की सुनते हैं बनाम जो अपनी चलाते हैं**

सहयोग करने वाले दूसरों की राय सुनते हैं। वे मिलकर आगे बढ़ने और सामूहिक सफलता में विश्वास रखते हैं। नियंत्रण चाहने वाले हर चीज अपने हाथ में रखना चाहते हैं। उनके लिए नेतृत्व दूसरों पर अपनी इच्छा थोपने का तरीका बन जाता है।

■ **खुद से पूछें:** क्या मैं लोगों की बात सुनता हूं या हर चीज को अपने नियंत्रण में रखना चाहता हूं? मैं लोगों से कैसे जुड़ सकता हूं?



**■ जो रिश्ते निभाते हैं बनाम जो रिश्तों से फायदा उठाते हैं**

रिश्ते निभाने वाले अपने समय, भावनाओं और प्रयास से अपने संबंधों को मजबूत करते हैं। वे रिश्ते को साझेदारी की तरह देखते हैं।

फायदा उठाने वाले रिश्ते से मिलने वाला प्यार, सहयोग और त्याग तो लेते हैं, लेकिन बदले में अपना योगदान देने से बचते हैं।

■ **खुद से पूछें:** क्या रिश्तों में मेरा योगदान उतना ही है, जितनी मेरी अपेक्षाएं? मैं रिश्तों में अपना योगदान कैसे बढ़ा सकता हूं?



**■ जो अपनी भावना को महत्व देते हैं/जो बाहरी दिखावे को**

भीतरी अनुभव को महत्व देने वाले सच्चाई और अपनी भावनाओं को महत्व देते हैं। दिखावे को महत्व देने वाले इस बात से ज्यादा चिंतित रहते हैं कि दूसरे उनके बारे में क्या सोचते हैं। उनके लिए दूसरों की स्वीकृति मायने रखती है।

■ **खुद से पूछें:** क्या मैं दूसरों की नजर में चढ़ने की कोशिश करता रहता हूं? मैं दिखावे से कैसे बचूं?



**■ जो सच में दयालु हैं बनाम जो दयालु होने का दिखावा करते हैं**

सच्ची करुणा में दूसरों की मदद करने की खुशी ही पर्याप्त होती है। मदद करना ऐसे लोगों के जीवन मूल्यों का हिस्सा होता है। दिखावटी करुणा में अच्छाई के पीछे कोई स्वार्थ छिपा हो सकता है—तारीफ, प्रभाव या भविष्य का लाभ।

■ **खुद से पूछें:** मैं सच में दयालु हूं या दयालु दिखना चाहता हूं? मदद के पीछे मेरी मंशा क्या है?



**■ जो मूल्यों के अनुसार जीते हैं बनाम जो दूसरों के सामने सही बनते हैं**

मूल्यों के अनुसार जीने वाले सही काम तब भी करते हैं, जब कोई उन्हें देख नहीं रहा होता। उनकी ईमानदारी किसी अन्य पर निर्भर नहीं करती। दिखावे के लिए सही बनने वाले इस बात से प्रभावित होते हैं कि उन्हें कौन देख रहा है और लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे?

■ **खुद से पूछें:** अपने मूल्यों व काम में एकरूपता कैसे बनाए रख सकते हैं?



**आप कौन हैं?** ऊपर दी गई बातों पर ईमानदारी से सोचें। धीरे-धीरे आप खुद को उन बातों से बचा सकते हैं, जो आपकी जिंदगी व रिश्तों को नुकसान पहुंचाते हैं। आप कैसे बनना चाहते हैं, यह चुनाव हमेशा आपका है।

# अपनों संग खुशियां बांटना घटाए तनाव

**दिल की सेहत के लिए हमारा खुश रहना जरूरी है। अकेले नहीं, सबके साथ। शोध के मुताबिक, अकेले खुश रहने के मुकाबले, अपनों के साथ बांटी गई खुशियां हमारे शरीर पर ज्यादा अच्छा असर डालती हैं।**



अच्छे रिश्तों का होना न सिर्फ हमें मानसिक सुकून देता है, बल्कि हमारी सेहत पर भी इसका अच्छा असर पड़ता है। 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के हालिया शोध के अनुसार, अकेले खुश रहने के मुकाबले अपनों के साथ साझा की गई खुशी हमारे शरीर पर ज्यादा अच्छा प्रभाव डालती है। रोजमर्रा की जिंदगी में खुशनुमा पलों को साझा करना एक ऐसा 'पॉजिटिव फीडबैक लूप' तैयार करता है, जो लंबी अवधि में सेहत, इम्युनिटी और जीवन जीने की क्षमता को मजबूत बनाता है।

## क्या कहता है शोध

■ **साझा खुशी से घटता है स्ट्रेस हार्मोन:** शोधकर्ता टोमिको योनेडा के नेतृत्व में बुजुर्ग दंपत्तियों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि जब साथी एक-दूसरे के साथ सकारात्मक और खुशहाल पल बिताते हैं, तो शरीर में 'कोर्टिसोल' (स्ट्रेस हार्मोन) का स्तर तेजी से गिरता है।

अध्ययन में अपने रिश्तों में खुश दंपत्तियों में तनाव का स्तर कम देखा गया।

■ **बेहतर इम्युनिटी और दिल की मजबूती:** जब हम अपनों के साथ खुशी, राहत या आनंद महसूस करते हैं, तो दिमाग में डोपामाइन, सेरोटोनिन और एंडोर्फिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का स्राव होता है। ये रसायन सूजन कम करने, इम्युनिटी मजबूत करने और दिल की बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

### साझा खुशियों के पल

- **साथ में खाना खाएं:** दिन में कम से कम एक वक्त साथ बैठकर खाना खाएं और बातचीत करें।
- **अच्छी बातें साझा करें:** दिन में हुई कोई अच्छी या मजेदार बात अपनों के साथ साझा करें।
- **थोड़ा समय साथ बिताएं:** साथ टहलना, चाय पीना, खेलना या कुछ साथ मिलकर सीखना।
- **एक-दूसरे की सराहना करें:** छोटी-सी तारीफ या धन्यवाद रिश्तों में मधुरता बढ़ाती है।
- **मुश्किल समय में साथ रहें:** तनाव या परेशानी के समय एक-दूसरे को सुनें और अपना सहयोग दें।

## बुजुर्गों को चाहिए अपनों का साथ

बुजुर्गों में अकेलापन एक बड़ी समस्या है। बढ़ती उम्र के साथ शरीर का तनाव प्रतिक्रिया तंत्र अधिक संवेदनशील हो जाता है और कोर्टिसोल काबू रखने की क्षमता कम होने लगती है। ऐसे में खुशहाल रिश्ते बुजुर्गों में कोर्टिसोल के स्तर को संतुलित रखकर उन्हें हृदय व अन्य गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

एकदा

# पहचान

**एक** समय की बात है। एक आदमी बड़ी देर से पैदल चल रहा था। तेज धूप थी और उसे बहुत प्यास लग रही थी। अचानक उसे एक कुआं दिखाई दिया। कुएं के करीब जाकर देखा, तो सोचने लगा कि पानी तो यहां है, लेकिन इसे निकालूं कैसे? रस्सी कहां है? बाल्टी कहां है? अगर ये सब नहीं हैं, तो इस कुएं का मतलब ही क्या है? कोई मदद क्यों नहीं करता?'

वह देर तक इसी तरह बुदबुदाता रहा। उसकी प्यास बढ़ती जा रही थी। पानी सामने था, फिर भी वह प्यासा था। कुछ देर बाद वहां एक आदमी आया। उसने उस व्यक्ति से समस्या पूछी। उसने व्यक्ति से कहा, 'तुम्हें प्यास लगी है और पानी भी सामने है। समस्या पानी की नहीं है, उसे पाने के तरीके की है। यहां बैठे-बैठे बुदबुदाने से क्या हो जाएगा? कोई उपाय खोजो और अपनी प्यास बुझाओ।'

यह कहकर वह आदमी चला गया। कुछ देर बाद वह रस्सी और बाल्टी लेकर आ गया। उसने पानी निकाला। अपनी और प्यास से परेशान हो रहे व्यक्ति की प्यास बुझाई। कई बार हमारी जिंदगी में समाधान मौजूद होता है, पर हम समस्या पर अटके रहते हैं, समाधान तक पहुंचने की कोशिश ही नहीं करते। हम शांति चाहते हैं, पर शांति से सोचना नहीं चाहते। बदलाव चाहते हैं, लेकिन अपनी आदतें बदलना नहीं चाहते। पानी सामने है, फिर भी प्यासे हैं। कई बार जिंदगी में ऐसी ही स्थिति होती है। ऐसे में खुद से पूछिए-जिस चीज की हमें सबसे ज्यादा जरूरत है, कहीं ऐसा तो नहीं कि वह हमारे सामने है, बस हम पहचान नहीं पा रहे हैं।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष:** मन परेशान रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। यात्रा पर जा सकते हैं। लाभ के मौके मिलेंगे। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे।

**वृष:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** मन प्रसन्न रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी। कला व संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय बढ़ेगी। वाहन सुख में वृद्धि होगी। यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। कारोबार के लिए माता से धन मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के मौके मिलेंगे।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार व मित्रों का साथ मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक:** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में अफसरों से बेकार के वाद-विवाद से बचें। तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**मकर:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। मन भी परेशान हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

## वर्ग पहेली : 8444



**बाएं से दाएं**
1. टकराना; भिड़ंत होना; मुठभेड़ होना (4,2)
7. पृथ्वीपति; महीपाल; राजा (3)
8. चाह से भरना; ललचना; गहरी लालसा होना (4)
9. चिह्न दूर होना; नष्ट होना; मरना; लुप्त होना; समाप्त हो जाना; साफ होना; हटना (3)
10. पैर; डग; कदम (2)
11. भला; शिष्ट; सज्जन; सच्चरित्र; सदाशय (2)
12. अधिवेशन स्थल; विधायिका की बैठक का स्थान; सभाभवन; घर; मकान (3)
14. देखभाल; निरीक्षण; निगरानी (4)
15. गधे व घोड़े का वर्णसंकर पशु; बोझ ढोने वाला पशु; लद्दू पशु; अश्वतर (3)
17. झेलना; बर्दाश्त करना; सहना (3,3)

**ऊपर से नीचे**
2. कराहना; टीसना; पीड़ा होना; सालना (4)
3. अरण्य; कानन; जंगल; बियाबान; विपिन (2)
4. अपनाना; नामकरण करना; मंत्र देना (2,2)
5. किसी से न कहना; बात को पचा जाना; गुप्त रखना; रहस्य न खोलना (3,2,3)
6. आदर करना, खूब चाहना (3,2,3)
9. मिलने का कार्य; भेंट; मिलाप; मेल; समागम (3)
12. अरोचक; एकविध; सदृश्य (4)
13. खबर का बहुवचन; समाचार पत्र (4)
16.. चुप्पी; चुप रहने की स्थिति; ध्वनिहीनता (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8443

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सं | ■ | 2 न | ■ | 3 म | न | 4 ब | ना | 5 ना |
| 6 प्र | या | स | र | त | ■ | लि | ■ | क |
| दा | ■ | प | ■ | ■ | 7 व | का | ल | त |
| य | ■ | 8 र | 9 स | ना | ■ | ब | ■ | क |
| ■ | 10 आ | न | न | ■ | 11 हे | क | ला | ■ |
| 12 उ | ■ | स | ■ | 13 आ | वा | रा | ■ | 14 भ |
| 15 प | रि | च | य | ■ | ■ | ब | ■ | ट |
| हा | ■ | ढ़ | ■ | 16 जं | न | ना | य | क |
| 17 र | च | ना | शी | ल | ■ | ना | ■ | ना |

## सुडोकू : 8398

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 1 | | | | 2 | | 6 |
| | | | 1 | 3 | 5 | | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 7 | | 4 | | 8 | | 1 | | 2 |
| 6 | 8 | | | | | | 7 | 3 |
| 9 | | 3 | | 2 | | 8 | | 4 |
| 5 | | | | | | | | 9 |
| | | | 6 | 9 | 2 | | | |
| 3 | | 6 | | | | 4 | | 7 |

**खेलने का तरीका:** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8397

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 9 | 1 | 2 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 9 |

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

07 सितंबर, सोमवार, **शक संवत्** : 16 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 22 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम:** 24 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद कृष्ण एकादशी तिथि सायं 05.02 बजे तक पश्चात द्वादशी तिथि, पुनर्वसु नक्षत्र सायं 06.14 मिनट तक पश्चात पुष्य नक्षत्र, बव करण, चन्द्रमा मिथुन राशि मे दोपहर 12.39 मिनट तक उपरांत कर्क राशि। **सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। प्रात: 07.30 बजे से प्रात: 09 बजे तक राहुकालम्। अजा एकादशी व्रत।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**बेसमेंट निवास करने के लिए कितने उपयुक्त होते हैं?**

- बेसमेंट निवास करने के लिए वास्तु शास्त्र के अनुसार उचित नहीं माने जाते हैं। बेसमेंट में आकाश तत्व, वायु तत्व एवं अग्नि तत्व का समन्वय अन्य तत्वों से नहीं हो पाता। बेसमेंट में प्राकृतिक हवा का प्रवाह कम होता है, जिसके कारण तनाव, घुटन एवं मानसिक असहजता की समस्या हो सकती है। बेसमेंट में सूर्य की किरणों का अभाव होने के कारण सेहत संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इससे काम करने की क्षमता प्रभावित होती है।
- बेसमेंट में रहना ही पड़े, तो वहां पर्याप्त वेंटिलेशन, सफाई और प्रकाश की व्यवस्था रखें।

चिंतन

# नियमों की अनदेखी जवाबदेही किसकी

दिल्ली के सत्य निकेतन में पांच मंजिला हॉस्टल का भरभराकर गिरना महज एक इमारत के ढहने की घटना नहीं है। यह उस जर्जर व्यवस्था पर बड़ा सवाल है, जो हादसे के बाद तो पूरी ताकत से सक्रिय दिखाई देती है, लेकिन हादसे से पहले खतरे को पहचानने में अक्सर नाकाम रहती है। दो छात्रों की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद राहत-बचाव अभियान चल रहा है, लेकिन असली सवाल मलबे से कहीं बड़ा है। आखिर इमारत गिरी क्यों और इसे गिरने से पहले रोका क्यों नहीं जा सका? प्रारंभिक जांच में नवीनीकरण और बेसमेंट में चल रहे काम से इमारत के निचले हिस्से के कमजोर होने की आशंका सामने आई है। इनमें नियमों की अनदेखी की गई। अब यह जवाबदेही किसकी है। अगर भवन में नवीनीकरण या बेसमेंट की खुदाई चल रही थी तो उसकी सुरक्षा जांच किसने की? क्या काम के दौरान भवन की संरचनात्मक मजबूती का आकलन किया गया? क्या आसपास की इमारतों पर पड़ने वाले संभावित खतरे को देखा गया? गंभीर बात यह है कि सत्य निकेतन में यह पहला हादसा नहीं है। वर्ष 2022 में भी इसी इलाके में नवीनीकरण के दौरान तीन मंजिला मकान का हिस्सा गिरने से दो लोगों की मौत हुई थी। हादसे के बाद भी जांच और कार्रवाई की बातें हुई थीं। चार साल बाद फिर उसी इलाके में बहुमंजिला इमारत का गिरना बताता है कि पुराने हादसे से मिले सबक कितने कमजोर साबित हुए। सवाल यह है कि क्या इस बीच यहां के पीजी, हॉस्टल और नवीनीकरण वाली इमारतों का कोई सुरक्षा सर्वे हुआ? इससे पहले भी राष्ट्रीय राजधानी में होटल में आगजनी, कोचिंग सेंटरों में हादसे और बुराड़ी में इमारत गिरने से कई लोगों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। सत्य निकेतन दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के आसपास का प्रमुख छात्र इलाका है। बड़ी संख्या में छात्र यहां पीजी और किराये के कमरों में रहते हैं। ऐसे में एक छोटी सी संरचनात्मक चूक बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। फिर भी सवाल यही है कि प्रशासन के पास ऐसे भवनों का अद्यतन रिकॉर्ड और उनकी सुरक्षा की नियमित निगरानी कितनी प्रभावी है? यह समस्या सिर्फ सत्य निकेतन की नहीं है। दिल्ली में समय-समय पर इमारतों के गिरने की घटनाएं सामने आती रही हैं। हर हादसे के बाद अवैध निर्माण, कमजोर ढांचे और प्रशासनिक लापरवाही की चर्चा होती है। कुछ समय बाद जांच की फाइलें ठंडी पड़ जाती हैं और शहर उसी ढर्रे पर लौट आता है। यही सबसे खतरनाक स्थिति है। हादसे के बाद दमकल, पुलिस, आपदा प्रबंधन और बचाव दलों का तेजी से मौके पर पहुंचना जरूरी है, लेकिन सरकार की असली परीक्षा मलबे में फंसे लोगों को निकालने से पहले शुरू होती है। क्या उसने उस खतरे को पहचाना था, जिसे समय रहते टाला जा सकता था? आपदा प्रबंधन जरूरी है, लेकिन आपदा रोकना उससे कहीं बड़ी जिम्मेदारी है। अब जरूरत केवल इस इमारत की जांच की नहीं है। दिल्ली के सभी प्रमुख छात्र इलाकों में पीजी, हॉस्टल और बहुमंजिला इमारतों का विशेष संरचनात्मक सर्वे होना चाहिए। जहां बेसमेंट की खुदाई, बड़े स्तर पर नवीनीकरण या अनधिकृत निर्माण हो रहा है, वहां तत्काल तकनीकी जांच जरूरी है। जांच में यदि भवन मालिक, ठेकेदार या किसी तकनीकी विशेषज्ञ की लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई हो। यदि निगरानी करने वाले विभाग की चूक मिलती है तो अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय हो। जवाबदेही उस व्यवस्था की भी होनी चाहिए, जिसने खतरे को समय रहते रोकने का काम नहीं किया।

मंथन
ज्ञानेन्द्र रावत



# पूरे हिमालय क्षेत्र की साझा चेतावनी है नेपाल त्रासदी

बीती 26 सितंबर की अल-सुबह तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के रसुबा जिले में आए सैलाब के तांडव की चपेट से धादिंग, नुवाकोट, गोरखा, तनहुं, नवरपासी और चितवन समेत तमाम निचले इलाकों के हजारों घर, दफ्तर, बाजार का अस्तित्व मिट गया। वहां सड़कों का अता-पता नहीं है। करोड़ों-अरबों के आर्थिक नुकसान का अनुमान है। अभी तक 1127 से ज्यादा लोगों की मौत हुई हैं। उनकी पहचान प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। चार हजार आठ सौ अट्ठावन से ज्यादा की तादाद में लोग और 583 विदेशी पर्यटक अभी भी लापता हैं, जबकि 315 पर्यटक बचा लिए गए हैं। अभी तक 756 से ज्यादा लोगों को बचाव दल द्वारा बचा लिया गया है। 290 मानसरोवर जाने वाले यात्रियों की तलाश जारी है। वहां अस्पतालों में शवों के रखने की जगह कम पड़ने के बाद शवों को बाहर टैंटों में रखना पड़ रहा है। भोटेकोशी और त्रिशूली घाटियों में स्थित 14 पनबिजली परियोजनाएं पूरी तरह तबाह हो गई हैं, परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे लोगों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। नेपाल, चीन और भारत के हजारों राहतकर्मी बचाव कार्य में लगे हैं। नदी के तेज बहाव के बीच दुर्गम हालात में बचाव कर्मियों के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। नेपाल में यह सैलाब कैसे आया, इस बाबत अलग-अलग वैज्ञानिक दृष्टिकोण सामने आए हैं। सच्चाई यह है कि न तो उस वक्त नेपाल में तेज बारिश हुई, न मौसम ही खराब था लेकिन इस जलजले ने वहां सब-कुछ तबाह कर दिया। कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि हिमस्खलन द्वारा तिब्बत के केरूंग इलाके में लेंडे नदी को अवरुद्ध करने से नदी में झील का निर्माण हुआ और भारी मात्रा में उसमें पानी जमा हो गया। जब यह हिमनद फटा तो भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में बाढ़ आ गयी। दूसरी ओर भूवैज्ञानिक मानते हैं कि गोसाई कुंडा से 47 किलोमीटर उत्तर में तिब्बती इलाके में उस दिन सुबह 8.37 बजे 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। इससे नदी में बनी झील का बांध टूट गया। इस दृष्टिकोण को नेपाल के विदेश मंत्री भी स्वीकारते हैं। कुछ इसके पीछे ग्लेशियर झील के फटने, कुछ बर्फ के पिघलने से या हिमस्खलन से अचानक नदी में बाढ़ आने, कुछ तिब्बत के पठारी इलाके में भारी बारिश आने से नदी के जलस्तर बढ़ने से आयी बाढ़ आने और कुछ रसुवा जिले में 17 हजार फीट की ऊंचाई पर ग्लेशियर के फटने और उसके हिस्से टूटकर गिरने और अपने साथ मलबा बहाकर लाने को इस जल प्रलय की असली वजह मानते हैं। इसमें दो राय नहीं है कि समूचा हिमालयी क्षेत्र गंभीर पारिस्थितिकी संकट से जूझ रहा है। पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय परिस्थितिजन्य स्थितियों से जुड़े संकट का मौजूदा हालात में केवल नेपाल ही नहीं, समूचा हिमालयी क्षेत्र सामना कर रहा है। यह पहाड़ों पर विकास और पर्यावरण के बीच असंतुलन का ही दुष्परिणाम है। यह गंभीर मामला है। विकास को राहत उपायों के साथ संतुलित किए जाने की बेहद जरूरत है। मानव ने प्रकृति में इतना अधिक हस्तक्षेप किया है जिसका प्रकृति अब हमें जवाब दे रही है। हिमालय के हादसे बता रहे हैं कि हिमालय क्षेत्र में सब ठीक नहीं चल रहा है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की अनदेखी समझ से परे है। ऐसे समय जब समूची दुनिया बढ़ते तापमान के कहर से त्रस्त है और जब इस इलाके में मौसमी विभीषिका विकराल रूप ले रही हैं, तब ये आपदायें इस क्षेत्र में तमाम खतरों की संवेदनशीलता की ओर संकेत करती हैं और हिमालय की नाजुक ढलान, घाटियों में मानवीय तथा निर्माण गतिविधियों के प्रति सावधान करती हैं। नेपाल में जिस तरह कुदरत का कहर बरपा है, उससे न सिर्फ शासन तंत्र को, बल्कि समाज को भी सबक लेने की जरूरत है। यह भी कि हिमालयी अंचल में विकास योजनाओं के निर्माण के समय क्या-क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए। हमारी जिद ही हमें इस इलाके में मैदानी क्षेत्र की तरह विकास करने की ओर ले जाती है। यही वजह है कि यह पर्वत शृंखला जो हमारे लिए ही नहीं, समूचे क्षेत्र के लिए वरदान है, हमारा साथ छोड़ रही हैं। बीते दशक की आपदाएं चेतावनी हैं जिन्हें समझना और उन पर अमल बेहद जरूरी है। इसलिए अभी भी समय है कि सभी हिमालयी देशों को इसके मूल चरित्र को समझते हुए इसके संरक्षण हेतु आगे आना होगा। ऐसे हालात में इस अति संवेदनशील इलाके में एक साझी पर्यावरणीय दृष्टि विकसित करने, भारत, चीन, नेपाल, भूटान और तिब्बत क्षेत्र के बीच वैज्ञानिक संस्थाओं और आपदा प्रबंधन तंत्र विकसित किए जाने की जरूरत है जो एक साथ अति वृष्टि, भूस्खलन, ग्लेशियरों के पिघलने, ग्लेशियर झीलों के टूटने, पर्माफ्रास्ट से होने वाले नुकसान पर अंकुश लगा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

# ब्रिक्स व बदलती दुनिया में भारत की भूमिका

भारत की मेजबानी में होने वाला 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केवल एक अंतरराष्ट्रीय बैठक नहीं है। भारत के सामने इस बात की परीक्षा भी है कि भारत कितनी कुशलता से परस्पर विरोधी हितों वाले देशों को एक साझा मंच पर ला सकता है। इस समय ब्रिक्स में भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और इंडोनेशिया है। इंडोनेशिया इसका 2025 में सदस्य बना। लगातार विस्तार से ब्रिक्स की प्रासंगिकता लगातार बढ़ रही है और भूमिका व महत्ता भी। अब इसमें लैटिन एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और लैटिन अमेरिका जैसी बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं एक साथ हैं। ब्रिक्स को अब केवल आर्थिक संगठन के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा।

ब्रिक्स के गठन के बाद से ही पश्चिम एशिया और खासकर खाड़ी देशों में इसकी भूमिका और कूटनीतिक कवायदों को लेकर चर्चा होने लगी थी। खासकर विस्तारित ग्यारह देशों के इस समूह की दुनिया के देशों खासकर खाड़ी देशों में इसकी कूटनीतिक भूमिका पर। अब जबकि दुनिया में इस समय महज आर्थिक बदलाव का दौर नहीं चल रहा है, इसकी भूमिका और भारत के सामने अवसर को लेकर चर्चा तेज हो गई है। गौरतलब है कि दुनिया इस वक्त महज आर्थिक और सांस्कृतिक दौर से नहीं गुजर रही है, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन के पुनर्गठन का दौर भी चल रहा है। पश्चिमी देशों के नेतृत्व वाली पुरानी संस्थाओं के सामने समानांतर ग्लोबल साउथ अपनी आवाज अधिक प्रभावी बनाने की कोशिश में लगा है। ऐसे समय में भारत की मेजबानी में होने वाला 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केवल एक अंतरराष्ट्रीय बैठक नहीं है।

भारत के सामने इस बात की परीक्षा भी है कि भारत कितनी कुशलता से परस्पर विरोधी हितों वाले देशों को एक साझा मंच पर ला सकता है। इस समय ब्रिक्स में भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और इंडोनेशिया है। इंडोनेशिया इसका 2025 में सदस्य बना। लगातार विस्तार से ब्रिक्स की प्रासंगिकता लगातार बढ़ रही है और भूमिका व महत्ता भी। अब इसमें लैटिन एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और लैटिन अमेरिका जैसी बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं एक साथ हैं।

यही वजह है कि ब्रिक्स को अब केवल आर्थिक संगठन के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह वैश्विक दक्षिण के राजनीतिक और आर्थिक समन्वय का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए चार प्रमुख क्षेत्रों को सामने रख सकता है- वैश्विक आर्थिक और आपूर्ति-व्यवस्था बनाना जो युद्ध, महामारी, ऊर्जा संकट और व्यापारिक व्यवधानों से प्रभावित न हो। दूसरा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नई तकनीकों में सहयोग करना। तीसरा है-विकासशील देशों के बीच व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान और तकनीक में सहयोग बढ़ाना और चौथी प्राथमिकता जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा और टिकाऊ विकास को आगे बढ़ाना। इस तरह हम देखें तो भारत ने ब्रिक्स को केवल राजनीतिक बयानबाजी का मंच बनाने के बजाय व्यावहारिक सहयोग के मंच में बदलने की कोशिश की है। ब्रिक्स के विस्तार की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का इसमें शामिल होना। इससे ब्रिक्स की पहुंच ऊर्जा और वैश्विक वित्त केंद्रों तक हो गई है। सऊदी अरब दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल उत्पादकों में और संयुक्त अरब अमीरात व्यापार, वित्त, लॉजिस्टिक्स और निवेश का केंद्र बन चुका है। भारत के लिए यह खास मायने रखता है क्योंकि भारत की ऊर्जा सुरक्षा, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय, निवेश, समुद्री व्यापार और पश्चिमी एशिया की स्थिरता सीधे भारत के आर्थिक हितों से जुड़े हैं। भारत और सऊदी अरब के संबंधों में ऊर्जा के साथ-साथ व्यापार, निवेश, रक्षा और प्रौद्योगिकी का महत्व बढ़ रहा है। भारत-सऊदी द्विपक्षीय व्यापार 2.23 में 52 अरब डॉलर से अधिक बताया गया था। इसी तरह भारत और



संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के बाद व्यापारिक संबंधों में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। दोनों देशों ने 2026 में भी व्यापार, निवेश, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और तकनीक में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया है। ब्रिक्स में दो अरब देशों सऊदी अरब, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात हैं। अध्यक्ष बनने पर इसके सामने सबसे कठिन चुनौती कूटनीतिक है। एक तरफ ईरान है और दूसरी तरफ सऊदी अरब तथा संयुक्त अरब अमीरात है। पश्चिम एशिया में इन देशों के हित हमेशा एक जैसे नहीं रहे हैं। मौजूदा दौर में पश्चिम एशिया संकट ने यह चुनौती और गंभीर कर दी है। गौरतलब है मई 2026 में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में ईरान और उसके खाड़ी पड़ोसियों से जुड़े मतभेदों के कारण साझा बयान पर सहमति नहीं बन सकी थी।

ऐसे में यह सवाल पैदा होता है कि क्या ब्रिक्स इतनी विविध परस्पर विरोधी रणनीतिक प्राथमिकताओं वाले देशों को एक साझा राजनीतिक आवाज दे सकता है? भारत की अध्यक्षता की वास्तविक सफलता का आकलन इसी कसौटी पर किया जाएगा। इसके बावजूद भारत के लिए इसका अध्यक्ष होने पर तमाम फायदे हैं, जिनसे इनकार नहीं किया जा सकता है। इसमें बड़ा लाभ इसके कूटनीतिक हैं, जिसके तहत रूस, चीन, ईरान, अरब देशों, अफ्रीकी देशों और लैटिन अमेरिका के साथ संवाद करने की स्थिति में है। इससे भारत की उस विदेश नीति को मजबूती मिलती है जिसे आम तौर पर रणनीतिक स्वायत्तता कहा जाता है। इसी के साथ भारत पश्चिमी देशों के साथ भी अपने संबंध मजबूत रख सकता है और ब्रिक्स जैसे मंचों पर ग्लोबल साउथ की आवाज भी उठा सकता है। इसी तरह भारत को अध्यक्ष बनने पर आर्थिक लाभ इसके विस्तारित सदस्य देशों में ऊर्जा, कच्चे माल, कृषि, खनिज, निवेश, तकनीक और बाजारों की विशाल संभावनाएं भविष्य में बन सकती हैं। रूस और पश्चिमी एशिया के ऊर्जा उत्पादक देशों का एक ही मंच पर होना भारत के लिए रणनीतिक अवसर है। भारत को कच्चे तेल और गैस की जरूरत है। साथ ही भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, दुर्लभ खनिजों और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत बढ़ने वाली है। इसको देखते हुए ब्रिक्स को भारत के लिए ऊर्जा और कूटनीतिक खनिज साझा मंच बनाया जा सकता है। भारत ब्रिक्स के जरिए तमाम फायदे तलाश सकता है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। चीन भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। दोनों देश ब्रिक्स के सदस्य हैं, लेकिन दोनों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धाएं भी कम नहीं हैं। ऐसे में संतुलन बनाए रखना भारत के सामने बड़ी चुनौती होगी। दूसरी बात, रूस ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है। भारत के लिए रूस आज सबसे बड़ा साझीदार, सहयोगी और विश्वसनीय मित्र है। लेकिन रूस-युक्रेन युद्ध ने रूस के साथ भारत के संबंधों को पश्चिमी देशों की नजर में अधिक संवेदनशील बनाया है।

ऐसे में भारत के सामने चुनौती यह है कि वह रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखते हुए अमेरिका और यूरोप के साथ भी अपने रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाए। भारत की असली सफलता इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि सम्मेलन के अंत में कितने पन्नों का घोषणापत्र जारी हुआ। सफलता तब होगी, जब ब्रिक्स के सदस्य देश ऐसी परियोजनाओं और संस्थागत व्यवस्थाओं पर सहमत हों, जिनका प्रभाव सम्मेलन समाप्त होने के बाद भी दिखाई दे। सवाल यह है क्या भारत विरोधाभाषों से भरे इस समूह को साझा हितों के मंच में बदल पाएगा? यह सम्मेलन के बाद पता चलेगा। फिर भी उम्मीद कर सकते हैं कि भारत अपना हित साधते हुए सभी तरह की चुनौतियों, कठिनाइयों और अवसरों को बेहतर तरीके से अपने हित में भुना लेगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## उपकार



संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शिक्षक दिवस की सार्थकता

शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज की वैचारिक और नैतिक रीढ़ को आकार देने वाले शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि समाज के सबसे उत्कृष्ट मस्तिष्कों को ही शिक्षक अर्थात अध्यापक होना चाहिए। आज के डिजिटल युग में तथ्यों और सूचनाओं की भरमार है, लेकिन उन सूचनाओं को विवेक, समझ और उपयोगी ज्ञान में तबदील करने का कार्य केवल एक शिक्षक ही कर सकता है। शिक्षक का प्रभाव केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहता। वह छात्र में अनुशासन, सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता, न्यायबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मानवीय मूल्य स्थापित करता है। इसी में शिक्षक तथा शिक्षक दिवस की सार्थकता है।

*- राकेश चतुर्वेदी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# पाक के पंजाब सूबे को पड़ोसी राज्यों से अधिक खतरा : मरियम

पाकिस्तान के पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने कहा कि उनके सूबे को पड़ोसी देशों से अधिक पड़ोसी सूबों से खतरा है। पाकिस्तान में विशेषकर पंजाब से सटे खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सूबों में गत वर्षों के दौरान आतंकी गतिविधियों में काफी बढ़ी हैं। पंजाब सूबे की सीमा भारत से भी लगती है। मरियम ने शनिवार को लाहौर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'पंजाब में आतंकवाद राज्य की सीमाओं से दाखिल होता है। दुख की बात यह है कि 13 करोड़ की आबादी वाले पंजाब को जो खतरा है, वह मेरे पड़ोसी देशों से कम और मेरे पड़ोसी राज्यों से अधिक है।'



पंजाब की मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का जिक्र करते हुए कहा, 'वहां से पंजाब में आतंकवाद आता है। सबकी नजरें पंजाब पर हैं, लेकिन ईश्वर का शुक्र है कि पंजाब सुरक्षित है। हमें जिस तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है, वे हमारी सभी प्रांतीय सीमाओं से आते हैं। खैबर पख्तूनख्वा सूबे में सत्तारूढ़ प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वरिष्ठ नेता ने पंजाब की मुख्यमंत्री की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'अपमानजनक' बताया।

## ऑफ बीट

# दौड़ने से नशे की लत से मिल सकता है छुटकारा

शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा



(क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों। हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है। अधिकांश लोगों ने शराब को नशे का मुख्य स्रोत बताया। नतीजे बताते हैं कि नशीले पदार्थ या शराब के इर्द-गिर्द सिमटा जीवन धीरे-धीरे दौड़ने से व्यवस्थित हो गया। शुरुआत में ज्यादातर प्रतिभागी वजन घटाने के लक्ष्यों से प्रेरित थे, न कि स्वास्थ्य लाभ से। वे दौड़ने की तैयारी के दौरान भी मादक पदार्थों का सेवन करते रहे, कभी-कभी लंबी दौड़ शुरू करने से पहले थोड़ी शराब पी लेते थे।

## ट्रेंड

### बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का सर्वे



चित्रकूट जिले में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे और घाटों का जमीनी निरीक्षण किया। बाढ़ से प्रभावित 800 परिवारों को राहत सामग्री बांटी गई, बेघर हुए परिवारों को जमीन के आवंटन प्रमाण-पत्र दिए।
- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उत्तरप्रदेश

### घायलों को तुरंत मिले इलाज



दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरने की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है। खबरों के मुताबिक, मलबे के नीचे कई लोग दबे हुए हैं, जिनमें दिल्ली यूनिवर्सिटी के कई छात्र भी शामिल हैं। मेरी अपील है कि सभी बचाव दल हर संभव कोशिश करके घायलों को तुरंत सबसे अच्छा इलाज दिलाए।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### छात्रों के सपनों को उड़ान



टेक्नोलॉजी के जरिए टैलेंट को सशक्त बनाकर, हम अपने होनहार छात्रों के सपनों को नई उड़ान दे रहे हैं। मेरा मानना है कि लैपटॉप छात्रों की पढ़ाई, रिसर्च, इनोवेशन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मददगार साबित होगा।
- **डा. मोहन यादव**, सीएम, मध्य प्रदेश

### पंजाब में बहुत तरक्की



पिछले चार सालों में पंजाब ने बहुत तरक्की की है। जिस पंजाब को पिछली सरकारों ने नशे की दलदल में धकेल दिया था, आज उसी पंजाब के गांवों के बच्चे 'खेड़न वतन पंजाब दियां सीजन 4' में अपना हुनर दिखा रहे हैं। अब हमारा पंजाब बदल रहा है।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

कल्पमेधा

*जैसे एक फूल बहुत प्यारा और सुंदर है, पर खुशबू नहीं है। ठीक वैसे किसी की कही हुई अच्छी बातें व्यर्थ हैं, अगर वह उनको अमल में नहीं लाता।*

**– महात्मा बुद्ध**

## खतरे का संकेत

नेपाल में पिछले दिनों आई भयंकर बाढ़ की त्रासदी ने उस चेतावनी को और भी गंभीर एवं संवेदनशील बना दिया है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जूझ रहे हिमालय में ऐसे खतरे पल रहे हैं, जो कभी भी विनाशकारी रूप ले सकते हैं। इस जोखिम की जद में कई देश हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। हिमालय मनुष्य के लिए प्राकृतिक संपदा का महत्त्वपूर्ण आधार है। यहां से निकलने वाली नदियां पठारी और मैदानी इलाकों को सींचती हैं तथा पेयजल एवं ऊर्जा जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करती हैं। मगर बढ़ते वैश्विक ताप की वजह से हिमालयी हिमनद अब तेजी से पिघल रहे हैं, जिस कारण उनके आसपास बनने वाली झीलों का आकार और संख्या भी बढ़ रही है। पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में स्थित सिक्किम में हाल में ऐसी चालीस झीलों की पहचान की गई है, जिनमें से सोलह को सर्वाधिक जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के मंडी में स्थित आइआइटी के शोधकर्ताओं ने राज्य में नौ हिमनद झीलों को चिह्नित किया है, जिनका आकार तेजी से बढ़ रहा है। ये झीलें देखने में शांत और सुंदर लगती हैं, लेकिन इनमें जमा हो रहा पानी कभी भी तटबंध तोड़कर भारी तबाही मचा सकता है।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि हिमालय से सटे भारत के पहाड़ी राज्य इस तरह की संभावित आपदा से निपटने के लिए कितने तैयार हैं? उपग्रह से मिलने वाली तस्वीरों और हवाई सर्वेक्षण के जरिए हिमनद झीलों की स्थिति की निगरानी की जा सकती है, लेकिन क्या यह कार्य नियमित रूप से हो पा रहा है? इसका अंदाजा वर्ष 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में आई प्रलयंकारी बाढ़ की विभीषिका से लगाया जा सकता है। यह बाढ़ चोटी पर स्थित एक झील के फटने से आई थी। सरकारी तंत्र इस खतरे का समय रहते पता लगाने और इससे होने वाले नुकसान को कम करने में नाकाम रहा। जाहिर है कि इस तरह के खतरों की नियमित निगरानी के साथ पूर्व चेतावनी प्रणालियों को भी स्टीक एवं मजबूत बनाने की जरूरत है। मौजूदा पूर्व-चेतावनी प्रणालियों को कुछ खास खतरों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिनमें नेपाल में हिमनद और चट्टानों के खिसकने से आई बाढ़ के जैसे प्राकृतिक पहलू शामिल नहीं हैं।

ऐसी स्थिति में शोधकर्ताओं की स्पष्ट चेतावनी है कि अगर हिमालयी राज्यों में चिह्नित हिमनद झीलों को रोकने वाली प्राकृतिक बाधाएं टूटती हैं, तो ये 'पानी बम' की तरह तबाही मचा सकती हैं। चूंकि, हिमालय में पल रहा यह खतरा किसी एक देश की सीमा में नहीं बंधा है, इसलिए क्षेत्रीय पूर्व-चेतावनी प्रणाली को राष्ट्रीय और सीमा-पार निगरानी से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है, ताकि इसकी जानकारी समय रहते उन लोगों तक पहुंचाई जा सके, जो सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। इसके लिए आधुनिक तकनीक के साथ-साथ संस्थागत बदलावों और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी जरूरत है। आपदा चेतावनी तंत्र को सीमाओं के बंधन से परे एक साझा मानवीय व्यवस्था के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, हिमनद झीलों से बढ़ता खतरा हमें प्रकृति के साथ संतुलित विकास का संदेश भी देता है। हिमालय को केवल सड़क, बांध और पर्यटन के अवसर के रूप में देखने के बजाय एक संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र के तौर पर समझना होगा। समय रहते सावधानी बरती जाए, तो हिमनद झीलों को निश्चित रूप से बड़े विनाश का कारण बनने से रोका जा सकता है।

## कामयाबी का प्रक्षेपण

अंतरिक्ष में हासिल की गई कोई भी सफलता विज्ञान की उपलब्धि होने के साथ-साथ एक राष्ट्र की दूरदृष्टि, संस्थागत क्षमता और भविष्य को लेकर उसके आत्मविश्वास को भी परिलक्षित करती है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा ईओएस-5 का सफल प्रक्षेपण इसी अर्थ में खास है। भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित होने वाले देश के पहले 'इमेजिंग' उपग्रह की सफलता ने फिर यह साबित किया है कि भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला देश नहीं, बल्कि नई क्षमताओं के साथ आगे बढ़ने वाली शक्ति बन रहा है। यह उपलब्धि महज एक उपग्रह को अंतरिक्ष में पहुंचाने तक सीमित नहीं है। यह मौसम पूर्वानुमान, प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी, कृषि नियोजन, पर्यावरण संरक्षण, समुद्री गतिविधियों और राष्ट्रीय सुरक्षा तक के मामले में व्यापक स्तर पर उपयोगी साबित होगी। अंतरिक्ष विज्ञान का संबंध अब नागरिक जीवन, आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ चुका है। इसलिए ईओएस-5 की सफलता को भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाना चाहिए।

सीमित संसाधनों के बावजूद इसरो के वैज्ञानिकों ने अनुशासन, धैर्य और नवाचार के बल पर जो विश्वसनीयता पाई है, वह हमारी अमूल्य राष्ट्रीय पूंजी है। राजनीतिक बदलावों के बावजूद अंतरिक्ष कार्यक्रमों में बनी नीतिगत निरंतरता ने इसरो को दुनिया की विश्वसनीय एजंसियों में स्थापित किया है। मगर सफलता का उत्सव भविष्य की चुनौतियों को ढक नहीं सकता। वैश्विक अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा तेजी से बदल रही है। इसमें केवल पुरानी उपलब्धियों के भरोसे आगे बढ़ना संभव नहीं। सरकार का दायित्व सफल प्रक्षेपणों पर वैज्ञानिकों को बधाई देने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसरो को पर्याप्त संसाधन, अत्याधुनिक सुविधाएं, स्थायी वित्तीय समर्थन और युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं को आकर्षित करने वाली नीति चाहिए। निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के बीच यह भी ध्यान रखना होगा कि इससे इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और संस्था के रूप में उसकी अहमियत कहीं से भी कमजोर न पड़े। विज्ञान पर किया गया निवेश खर्च नहीं, भविष्य की भरोसेमंद पूंजी है। इसरो की मजबूती दरअसल उस भारत की मजबूती है, जो धरती की जरूरतों को समझते हुए अंतरिक्ष में अपना भविष्य तलाश रहा है।

# बदलते मौसम चक्र में राहत की उम्मीद



**अटलांटिक नीना महासागर के ठंडा होने से बनने वाली समांतर जलवायु घटना है। इसकी सक्रियता प्रशांत महासागर में अल नीनो के प्रभाव को कुछ हद तक संतुलित कर सकती है।**

**ऋतुपर्ण दवे**

प्रकृति ने अपने भीतर न जाने कितने ऐसे रहस्य छिपा रखे हैं, जिनकी परतें विज्ञान धीरे-धीरे खोल रहा है। जब भी कोई नई प्राकृतिक घटना सामने आती है, मनुष्य को अपने सीमित ज्ञान का एहसास होता है। भू-विज्ञान, मौसम विज्ञान और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ जानना, समझना और सीखना बाकी है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के बीच मौसम की अनिश्चितता ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ाई है। ऐसे समय में जब अल नीनो के कारण कमजोर और अनियमित मानसून की आशंका जताई जा रही थी कि इसी बीच अटलांटिक नीना की सक्रियता ने कुछ राहत की उम्मीद जगाई। अटलांटिक नीनो और नीना अपेक्षाकृत नई समझी जाने वाली जलवायु घटनाएं हैं। प्रारंभ में इनके अस्तित्व ने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया था। इनके स्वरूप और प्रभावों का अध्ययन करने पर पता चला कि इनका संबंध वैश्विक जलवायु और बढ़ते तापमान से भी है। हालांकि इनके नाम प्रशांत महासागर में होने वाली 'अल-नीनो' और 'ला-नीना' से मिलते-जुलते हैं, लेकिन दोनों को एक ही मानना उचित नहीं है।

अटलांटिक नीनो और नीना भू-मध्यरेखीय अटलांटिक महासागर में होने वाली परस्पर विपरीत जलवायु घटनाएं हैं। अटलांटिक नीनो की स्थिति तब बनती है, जब भू-मध्यरेखीय अटलांटिक का समुद्री जल सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है। इसके विपरीत, अटलांटिक नीना के दौरान समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से कम हो जाता है। अटलांटिक नीनो के समय पूर्वी हवाएं कमजोर पड़ती हैं, जबकि अटलांटिक नीना में ये हवाएं अपेक्षाकृत मजबूत हो जाती हैं। तेज हवाएं समुद्र की गहराई से ठंडे पानी को ऊपर लाने में मदद करती हैं। इन दोनों घटनाओं का वर्षा और मौसम पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अटलांटिक नीनो उष्णकटिबंधीय अटलांटिक क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वर्षा बढ़ा सकता है। इसके विपरीत, अटलांटिक नीना की स्थिति में वर्षा का स्वरूप बदल जाता है। अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में कम वर्षा और गिनी की खाड़ी के आसपास अपेक्षाकृत अधिक वर्षा जैसी स्थितियों के पीछे समुद्री तापमान और वायुमंडलीय परिसंचरण में होने वाले बदलाव महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वैज्ञानिकों के लिए यह तथ्य विशेष रूप से अहम रहा कि वैश्विक ताप लगातार बढ़ने के बावजूद कभी-कभी अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत महासागर के भू-मध्यरेखीय क्षेत्रों में एक साथ ठंडक दिखाई देती है। ऐसी स्थिति का संबंध ला नीना और अटलांटिक नीना जैसी घटनाओं से हो सकता है। ये दोनों घटनाएं समुद्र और वायुमंडल के बीच होने वाली जटिल पारस्परिक क्रिया को समझने में महत्त्वपूर्ण संकेत देती हैं। जुलाई और अगस्त 2024 में उत्तरी अटलांटिक महासागर में लंबे समय से जारी असाधारण गर्मी के बीच भू-मध्यरेखीय अटलांटिक क्षेत्र में ठंडक दिखाई दी। यह स्थिति इसलिए भी उल्लेखनीय थी, क्योंकि जून के प्रारंभ में समुद्र की सतह का तापमान काफी अधिक था। इसके बाद अटलांटिक नीना के विकसित होने के संकेत मिलने लगे। इसी अवधि में पूर्वी प्रशांत महासागर में भू-मध्यरेखा के निकट समुद्री जल भी ठंडा हो रहा था। प्रशांत क्षेत्र में ला नीना के विकसित होने की



संभावना सामान्य तौर पर अक्तूबर या नवंबर के आसपास मानी जा रही थी, लेकिन इसके संकेत अपेक्षाकृत पहले दिखाई देने लगे।

इन घटनाओं को समझने के लिए वैज्ञानिक वायुमंडलीय परिसंचरण के कई संकेतकों का अध्ययन करते हैं। इनमें 'वेग विभव' भी महत्त्वपूर्ण है। इसके

> **अटलांटिक नीना की सक्रियता ने अल नीनो और कमजोर मानसून को लेकर बनी चिंताओं के बीच राहत की उम्मीद जगाई है। अटलांटिक नीनो और अटलांटिक नीना भू-मध्यरेखीय अटलांटिक महासागर में होने वाली विपरीत जलवायु घटनाएं हैं। अटलांटिक नीनो में समुद्री जल गर्म, जबकि अटलांटिक नीना में सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है। अटलांटिक नीना के दौरान मजबूत पूर्वी हवाएं गहरे समुद्र से ठंडे पानी को ऊपर लाती हैं, जिससे वर्षा और वायुमंडलीय परिसंचरण प्रभावित होते हैं। वर्ष 2024 में अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत क्षेत्रों में एक साथ ठंडक देखी गई, जो वैज्ञानिकों के लिए महत्त्वपूर्ण घटना रही। इसका प्रभाव उष्णकटिबंधीय तूफानों, जेट धाराओं और आगे की मौसम प्रणालियों पर भी पड़ सकता है।**

माध्यम से यह समझने में सहायता मिलती है कि बड़े क्षेत्र में वायु कहां ऊपर उठ रही है और कहां नीचे उतर रही है। नीचे उतरती वायु सामान्यतः वातावरण को स्थिर बनाती है। इससे बादलों का निर्माण और उष्णकटिबंधीय तूफानों की गतिविधि कम हो सकती है। इसके विपरीत, ऊपर उठती वायु अधिक बादल और वर्षा के साथ उष्णकटिबंधीय तूफानी गतिविधियों को बढ़ावा दे सकती है। समुद्र की सतह का तापमान और वायुमंडलीय दबाव इन प्रक्रियाओं से गहराई से जुड़े होते हैं। पिछले चार दशकों के आंकड़ों का अध्ययन करने पर यह संकेत मिला है कि अटलांटिक नीना की सक्रियता के दौरान अपेक्षाकृत उच्च वायुदाब चक्रवातों की संख्या और उनके तट तक पहुंचने की संभावनाओं को प्रभावित कर सकता है। इसके विपरीत, अटलांटिक नीनो अफ्रीकी पूर्वी तरंग गतिविधि और निम्नस्तरीय चक्रवाती परिसंचरण को मजबूत करता है। ऐसी परिस्थितियां केप वर्डे द्वीपसमूह के आसपास गहरे उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में शक्तिशाली तूफानों के विकसित होने की संभावना बढ़ाती हैं।

अटलांटिक नीना का प्रभाव केवल तत्काल मौसम तक सीमित नहीं रहता। पिछले चार दशकों के अध्ययन यह संकेत देते हैं कि गर्मियों में अटलांटिक की समुद्री स्थितियां आगे आने वाली सर्दियों के मौसम को भी प्रभावित कर सकती हैं। ग्रीष्मकालीन अटलांटिक नीनो के बाद कनाडा और उत्तरी संयुक्त राज्य अमेरिका के ऊपर निम्न वायुदाब की स्थिति बनने की संभावना देखी गई है। इससे ऊपरी वायुमंडल में बहने वाली जेट धाराओं की तीव्रता प्रभावित हो सकती है। जेट धाराएं ऊपरी वायुमंडल में पश्चिम से पूर्व की ओर बहने वाली तेज और संकरी वायु धाराएं हैं। सामान्यतः ये लगभग 20,000 से 50,000 फुट की ऊंचाई पर पाई जाती हैं और इनकी गति 120 से 240 किलोमीटर प्रति घंटा या उससे अधिक हो सकती है। ध्रुवीय ठंडी हवा और विषुवतीय गर्म हवा के बीच तापमान तथा वायुदाब में अंतर इनके निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। पृथ्वी के घूर्णन के कारण इन हवाओं की दिशा पश्चिम से पूर्व की ओर मुड़ जाती है। जेट धाराएं ठंडी और गर्म वायु राशियों को अलग रखने के साथ-साथ मौसम प्रणालियों, तूफानों और चक्रवातों के निर्माण को भी प्रभावित करती हैं।

अब सबसे अहम प्रश्न यह है कि सक्रिय अटलांटिक नीना आने वाले समय में क्या प्रभाव डाल सकती है। समुद्र की सतह के तापमान में गिरावट से विकसित यह जलवायु स्थिति प्रशांत महासागर में सक्रिय अल नीनो के प्रभाव को कुछ हद तक संतुलित कर सकती है। इसका सीधा अर्थ यह नहीं है कि मानसून निश्चित रूप से सामान्य या अत्यधिक अच्छा होगा, लेकिन ये परिस्थितियां कमजोर मानसून की आशंका को कुछ कम कर सकती हैं।

भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में वर्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा हो रही है, तो कहीं लंबे समय तक वर्षा का अभाव बना रहता है। ऐसे में अटलांटिक महासागर की गतिविधियों का अध्ययन और अधिक महत्त्वपूर्ण हो गया है। अटलांटिक नीना की सक्रियता यदि अपेक्षित रूप से प्रभावी रहती है, तो वह ला नीना के कारण उत्पन्न होने वाले कुछ प्रतिकूल प्रभावों को कम कर सकती है। परिणामस्वरूप भारत में मानसून की सक्रियता बढ़ने और वर्षा में तेजी की संभावना बन सकती है। समुद्र का तापमान, वायुमंडलीय परिसंचरण, जेट धाराएं, वैश्विक तापमान और अन्य अनेक कारक मिलकर मानसून और तूफानों का स्वरूप तय करते हैं। इसलिए अटलांटिक नीना को मानसून के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यदि इसकी सक्रियता बनी रहती है, तो अल नीनो के प्रभाव के बावजूद वर्षा की कमी कुछ हद तक पूरी होने की उम्मीद की जा सकती है।

# तमगों की चमक

**राजेंद्र मोहन शर्मा**

**दुनिया मेरे आगे**

शरीर के हर अंग को आधुनिकता और तरक्की के इस दौर में 'नक्सल' नामक चमकते हुए गहने से नवाजा जा चुका था। हालात यह थे कि इंद्रसभा से लेकर धरती तले तक, मस्तिष्क यानी दिमाग तक को यह तमगा और मुकुट पहना दिया गया था। हर कोई अपनी वैचारिक और सामरिक श्रेष्ठता सिद्ध करने में जुटा था, लेकिन बेकसूर पग, यानी पैर पूरी तरह उपेक्षित, ज्यों के त्यों, उन्हीं घिसी-पिसी पुरानी चप्पलों और नंगे छालों से खुद को ढककर अपनी लाज बचाने की जुगत में लगे रहे। मगर आखिर कब तक सहते? इस आधुनिक युग में जहां शरीर के हर हिस्से को 'नक्सल' का कोई न कोई डिजाइनर गहना पहनाने की होड़ मची है, वहीं हमारे बेचारे पैर हमेशा की तरह उपेक्षित रहे। वे आज भी वही घिसी-पिसी चप्पलों और सीधे-सादे छालों के सहारे अपनी इज्जत बचाने की जुगत में लगे रहते हैं।

भला कब तक वे बिना शिकायत के कोड़े खाते और लंबी दूरियां नापते रहते? एक दिन दोपहर की झपकी के दौरान सपनों में आकर पैरों ने सीधे-सीधे बगावत का झंडा उठा लिया। तल्ख तेवर में बोले- 'या तो हमें भी नक्सली घोषित करो, वर्ना हम हड़ताल पर चले!' सपने में भी ऐसी नौबत की उम्मीद कोई नहीं कर रहा था। पैरों को थोड़ा मनाया जाए, पुचकारा जाए, पर उससे पहले वे गायब हो चुके थे। हाथों ने बिस्तर की चादर से लेकर चारपाई के नीचे तक खूब टटोला, मगर सिवाय खालीपन के कुछ नहीं मिला। तभी कमरे के कोने से एक ठहाका गूंजा। पैरों की आवाज हवा में तैरते हुए आई- 'यह तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है!'

> **सपने में भी ऐसी नौबत की उम्मीद कोई नहीं कर रहा था। पैरों को थोड़ा मनाया जाए, पर उससे पहले वे गायब हो चुके थे। हाथों ने बिस्तर की चादर से लेकर चारपाई के नीचे तक खूब टटोला, मगर कुछ नहीं मिला। तभी कमरे के कोने से एक ठहाका गूंजा। पैरों की आवाज हवा में तैरते हुए आई- 'यह तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है!'**

किसी तरह कलेजा मजबूत करके बंद आंखों से ही उससे पूछा गया- 'यारों, दुनिया तो शरीफ बनने की फरमाइश करती है, तुम्हें अचानक यह नक्सली बनने का भूत क्यों सवार हो गया?' पैर ने हंसते हुए कहा- 'भइया, शरीफ बनकर कौन-सा तमगा मिल गया? जिंदगी भर तुम्हारा खरा-खोटा ढोया, छाले पड़ गए, और मिला क्या? सिर्फ धूल-धक्कड़! आजकल चलन शरीफों का नहीं, विद्रोही होने का है। जब दिमाग और जुबान तक नक्सली हो चुके हैं, तो क्या हमारे पास भी थोड़ा-सा हक नहीं है?' यह धमकी नींद उड़ाने के लिए काफी थी। सुबह पैर अपनी जगह पर बिल्कुल सीधे और शांत रखे थे, लेकिन उनका तेवर कुछ बदला-बदला सा लग रहा था। साफ था कि अब थके-हारे पैरों को थोड़ा लाड़-प्यार और सम्मान देना ही पड़ेगा, वरना एक दिन सचमुच चलना-फिरना दूभर कर देंगे! तभी पैरों ने उचक कर कहना जारी रखा- 'आखिर हम अभागे पैरों के भी कुछ छिपे हुए अरमान हैं, हमारे भी कुछ अपने दबे-कुचले सपने हैं। कब तक एड़ियां घिसते रहें और लंबी दूरी नापते रहें? किसी सभा सोसाइटी में हमारे सड़ेपन को देखते ही लोग नाक-भौं सिकोड़कर नाक पर रुमाल चढ़ा लेते हैं, कितना अपमान सहते हैं? कई बार तो उपेक्षा और दुत्कार के बीच हम एक जोड़ी टूटी चप्पल तक के लिए तरस जाते हैं। आजकल इज्जत शरीफों की नहीं, उन्हीं की होती है जो नक्सल हैं।'

यह समझ में आना चाहिए कि दिमागी नक्सलवाद की गाड़ी अब इन थके-हारे पैरों के सहारे ज्यादा दूर तक नहीं चल सकती। अगर इन्हें समय रहते सम्मान नहीं मिला, तो एक दिन पूरा शरीर धराशायी हो जाएगा। यह सोचना खास लगता है कि क्या सचमुच हमारे सारे अंग अपने हक के लिए खड़े हो गए हैं? क्या वे दिन अब दूर नहीं, जब हर आम आदमी का चलना-फिरना भी बगावत माना जाएगा? पैर अपनी जिद पर अड़े हों और पैरों का मालिक सोचे कि इस पैदली नक्सलवाद से कैसे बचा जाए। तभी शरीर के शेष अंग भी आपस में उलझ पड़ें और दिमाग ऊंचे सिंहासन पर लेटे-लेटे, झुंझलाते हुए बोले- 'अरे ओ पैरों! क्या बगावत-बगावत का शोर मचा रखा है? भूल गए क्या कि इस पूरे शरीर के हुक्मरान हम हैं? तुम्हारी हैसियत ही क्या है हमारे फैसलों के बिना?' इसके बाद पैर नीचे जमीन पर डटे हुए, तल्ख तेवर में बोले- 'हुक्मरान? वाह! मजे की बात है। हुकूमत तुम्हारी चलती है, और कोड़े हमारी पिंडलियों पर तथा छाले हमारे तलुओं पर पड़ते हैं। कब तक तुम्हारी सनक और अहंकार का बोझ ढोते रहेंगे? आज हम ही घोषणा करते हैं कि हमें भी तुम्हारी तरह का तमगा चाहिए।'

दिमाग हैरान होकर उठ बैठा और बोला- 'अरे नासमझो! वह तो हमने आधुनिकता की दौड़ में टिके रहने के लिए, टीवी बहसों में भारी-भरकम शब्द बोलने के लिए और खुद को क्रांतिकारी दिखाने के लिए पहन रखा है। वह सिर्फ कहने की बात है, हकीकत में थोड़े ही कुछ है!' पैर ने ठहाका मारकर कहा- 'बस! यहीं तो तुम्हारा पाखंड पकड़ा गया। जब भाषणों में, बयानों में और तुम्हारी इस वातानुकूलित कुर्सी पर बैठकर नक्सली होना फैशन है, तो हम जमीन पर घिस-घिसकर क्यों सिर्फ 'मजदूर' बने रहें?'

समझाने की कोशिश करते हुए दिमाग बोला- 'अरे भाई, जरा सोचो तो सही। अगर तुम भी नक्सली हो गए, तो यह शरीर चलेगा कैसे? विकास की रफ्तार कौन पकड़ेगा?' पैर ने कहा- 'विकास? कौन सा विकास? वही विकास, जिसके नाम पर तुमने हमें हर जगह दौड़ाया, पर बदले में मिला क्या? सिर्फ छालों का दर्द और टूटी हुई चप्पलें? अब बहुत हो चुका। या तो हमें भी बराबरी का दर्जा दो, वरना आज से तुम्हारी यह लंबी-चौड़ी नीतियां यहीं धरी रह जाएंगी, क्योंकि हम एक कदम भी आगे नहीं बढ़ेंगे!'

दिमाग पसीना-पसीना हो गया। उसे समझ आ गया कि कागजी बगावत और वैचारिक पाखंड की यह दुनिया अब सचमुच पैरों के छालों से टकराने लगी है।

## प्रकृति की चेतावनी

नेपाल में आई बाढ़ ने एक बार फिर हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता को उजागर कर दिया है। प्रकृति की इस चुनौती ने दिखाया कि आपदा कभी भी और कहीं भी बड़ी तबाही ला सकती है। यह भारत के लिए भी एक चेतावनी है और प्रकृति के संकेतों को समय रहते समझने का सबक भी। प्राकृतिक आपदा को रोकना मुश्किल होता है, लेकिन प्रभाव को कम जरूर किया जा सकता है। आपदा आने के बाद राहत कार्य में जुटने से बेहतर है कि हम पहले से तैयारी रखें। नदियों के किनारे अवैध रूप से बसने पर रोक लगाई जाए। नदियों के प्राकृतिक बहाव को रोकने वाली अवैज्ञानिक गतिविधियां बंद हों। असम में हर वर्ष आने वाली बाढ़ से अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होती है। राजनीतिक दल बाढ़ मुक्त क्षेत्र बनाने का वादा करते हैं और फिर भूल जाते हैं। 'बाढ़ मुक्त असम' का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। भौगोलिक संवेदनशीलता को समझने के लिए हिमनदों की निगरानी जरूरी है। वहीं चेतावनी तंत्र को मजबूत करना होगा। समय पर सूचना और मजबूत आपदा प्रबंधन से भारत तथा उसके पड़ोसी देशों का सहयोग लोगों की जिंदगियां बचा सकता है।

***– महेश कुमार, सिद्धमुख, राजस्थान***

## भागीदारी की चाह

युवाओं में बेचैनी रातों-रात पैदा नहीं हुई है। कमोबेश हर परिवार ने किशोरों और युवाओं में एक अनमना-सा भाव और व्यवस्था के प्रति असहमति महसूस की है, लेकिन इसे लंबे समय तक नजरअंदाज किया जाता रहा। आज युवाओं को अपना भविष्य असुरक्षित दिखाई दे रहा है। युवा अब आश्वासन नहीं चाहते। उन्हें फैसलों में अपनी भागीदारी, व्यवस्था में पारदर्शिता और सबसे बढ़ कर राजनीतिक निर्णयों में अपनी सार्थक हिस्सेदारी चाहिए। युवाओं को योजनाओं, घोषणाओं और प्रतीकात्मक पहलों से संतुष्ट करने का दौर समाप्त हो चुका है। उन्हें ठोस और दिखाई देने वाले परिणाम चाहिए। यह बेचैनी किसी संकट का संकेत भर नहीं, बल्कि परिवर्तन की एक बड़ी ऊर्जा भी है। जरूरत इस बात की है कि शासन और राजनीतिक नेतृत्व इस ऊर्जा को विरोध के रूप में देखने के बजाय संवाद, सहभागिता और रचनात्मक परिवर्तन की शक्ति के रूप में समझें।

***– खुमानसिंह चुंडावत, मंदसौर***

## कसौटी पर आंकड़े

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में भारत की वास्तविक विकास दर 7.8 फीसद रही है। इस बढ़ी हुई दर पर एक तरफ सरकार खुश है, तो दूसरी तरफ पूर्व प्रमुख वित्त सचिव और प्रमुख अर्थशास्त्री जीडीपी की बढ़ी दर को अपने आंकड़ों, तथ्यों और तर्कों से चुनौती दे रहे हैं तथा सवाल उठा रहे हैं। सरकार को सवालों के जवाब तथ्यों से देना चाहिए, ताकि सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता बनी रहे। अन्यथा ये आंकड़े झूठ के पुलिंदे ही साबित होंगे। यह कई बार जाहिर हो चुका है कि सरकार अपनी पीठ थपथपाने के लिए भ्रामक आंकड़ों के जरिए या आंकड़ों की बाजीगरी कर नागरिकों को उलझाए रखती है। जबकि वास्तविकता जमीनी हकीकत से दूर रहती है। अगर वास्तव में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के इन आंकड़ों को सही माना जाए, तो फिर देश में महंगाई और बेरोजगारी क्यों बढ़ रही है?

***– हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत', उज्जैन***

## त्याग की जिम्मेदारी

'दाम बेलगाम' (संपादकीय, 3 सितंबर) पढ़ा। आज सभी जरूरी चीजों के बढ़ते दामों के कारण आम आदमी को अपने खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। महंगाई के लिए सरकार अंतरराष्ट्रीय कारकों, खराब मौसम और जीवनशैली में आए बदलाव जैसी बातों को दोषी ठहरा रही हैं। मगर जिस तरह आम नागरिक रोजमर्रा के खर्च में कटौती कर रहे हैं, उसी तरह केंद्र और राज्य सरकारें भी अपने अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। यह अब जरूरी हो गया है। मंत्रियों और अफसरों के तामझाम, सरकारी आयोजनों की भव्यता, सरकार के गुणगान वाले विज्ञापनों, बार-बार घोषित हो रहीं मुफ्त की योजनाओं में कटौती क्यों नहीं हो रही है? सरकारों का ध्यान वित्तीय अनुशासन पर क्यों नहीं है? आर्थिक या प्राकृतिक हर संकट में त्याग आम नागरिक तक सीमित क्यों रहता है? लोकतंत्र का यह राजसी अंदाज जनता पर भारी पड़ रहा है।

***– बृजेश माथुर, गाजियाबाद***

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com